तापमान

अधिकतम 28.6 डिग्री

न्यूनतम 24.5 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 31 जुलाई 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



लगातार दुर्घटनाओं के बाद भी सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को हटाया नहीं जा रहा है।

# 221 करोड़ से बदल जाएगी 116 किलोमीटर लंबाई वाली 18 सड़कों की सूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीडब्ल्यूडी द्वारा जिले की विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, जिसे बजट में शामिल भी किया गया है। इनमें 18 सड़कें ऐसी हैं, जिनके निर्माण के लिए विभाग को 221 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। कुल 116 किलोमीटर लंबाई वाली इन सड़कों में छह शहर, तो बारह सड़कें आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की शामिल की गईं हैं। इनमें कुछ सड़कों का टेंडर हो चुका है, वहीं ज्यादातर सड़कें अभी टेंडर की प्रक्रिया में हैं। बारिश के बाद सड़कों का निर्माण प्रारंभ होने की संभावना है।

■ सारी सड़कें पीडब्ल्यूडी की, ज्यादातर टेंडर की प्रक्रिया में

खस्ताहाल सड़कों पर सालों से आवागमन कर रहे लोगों को अब जल्द ही नई व चकाचक सड़कें मिलेंगी। पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण के लिए तीन तरह से शासन को प्रस्ताव भेजे जाते हैं। जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने क्षेत्र में सड़क निर्माण की मांग करने पर। आम जनता द्वारा सालों से सड़क निर्माण नहीं होने की मांग करने या चक्काजाम जैसे प्रदर्शन करने स्थिति में। तीसरी परिस्थिति में विभाग द्वारा भी लंबे समय से किसी सड़क का निर्माण नहीं होने एवं उसके बिल्कुल भी आवागमन करने लायक नहीं रह जाने के कारण स्वयं प्रस्ताव भेज दिया जाता है।



विभाग द्वारा सड़क निर्माण का प्रस्ताव भेजने के बाद राज्य स्तर पर उन्हें सालाना बजट में शामिल तो कर लिया जाता है, लेकिन यह कोई जरूरी नहीं कि उनकी स्वीकृति शासन की प्राथमिकता क्रम में हो। यही कारण है कि लगातार कई वर्षों तक हर बार बजट में शामिल होने के बाद भी कई सड़कें स्वीकृति के अभाव में बन नहीं पाती हैं। विगत लंबे समय बाद यह पहला अवसर है जब एक ही वित्तीय वर्ष में जिले के केवल एक ही डिवीजन में अब तक अठारह सड़कों को मंजूरी दी जा चुकी है। शासन द्वारा दी गई यह स्वीकृति निश्चित रूप से जिले के विकास को एक दिशा प्रदान करेगी।

## इन सड़कों का होगा निर्माण

- 32 करोड़ की लागत से बनाई जाने वाली नेहरू चौक से दर्रीघाट सड़क की कुल लंबाई 10.5 किलोमीटर होगी एवं चौड़ाई लगभग पंद्रह मीटर होगी। सड़क की चौड़ाई मौके पर उपलब्ध स्थान के अनुसार घटाई व बढ़ाई जा सकेगी।
- 7.32 करोड़ की लागत से दर्री-धुमा-सिलपहरी सड़क बनाई जाएगी। इसकी लंबाई 5.8 किलोमीटर होगी। यह सड़क टेंडर की प्रक्रिया में है।
- 59.79 करोड़ की लागत से प्रस्तावित एवं अतिरिक्त केंद्रीय सहायता सड़क निधि से तैयार होने वाली सिरगिट्टी-दगौरी-पासिद रोड की कुल लंबाई 28.45 किलोमीटर होगी। यह सड़क भी निविदा की प्रक्रिया में है।
- हिर्री से बिल्हा के बीच 10.70 करोड़ की लागत से 3.8 किलोमीटर तैयार होने वाली सड़क के लिए निविदा ओपन की जा चुकी है।
- चकरभाठा से बिल्हा, उड़गन व दगौरी के बीच 11 करोड़ 32 लाख की लागत से 14.5 किलोमीटर सड़क बनाई जाएगी।
- झाल से नगपुरा के बीच 30 करोड़ 51 लाख की लागत से 17.61 किलोमीटर बनाई जानी है।
- तारबाहर से नगपुरा के बीच 1 करोड़ 33 लाख की लागत से 1.8 किलोमीटर सड़क तैयार की जाएगी।
- बिल्हा से एफसीआई गोदाम परिसर तक 1.58 करोड़ की लागत से 421 मीटर सड़क का निर्माण किया जाना है।
- दगौरी से मोहतरा मार्ग के बीच 2 करोड़ 87 लाख की लागत से 2.5 किलोमीटर सड़क बनाई जानी है।
- गांधी चौक से तारबाहर तक 1.1 किलोमीटर सड़क 2 करोड़ 59 लाख की लागत से बनाई जाएगी।
- कर्मा-बरभांठा-सागाढ़ोढी के बीच 4.78 करोड़ की लागत से 4.2 किलोमीटर सड़क तैयार की जाएगी।
- सीपत बेलतरा से भाड़ी पहुंच मार्ग के बीच 1 किलोमीटर सड़क का निर्माण 1 करोड़ 32 लाख की लागत से किया जाएगा।
- भदरा पारा से बरभांठा के बीच 2.7 किलोमीटर सड़क का निर्माण 2.74 करोड़ की लागत से किया जाएगा।
- गोंदईया से कलमीटांड़ के बीच 2.78 करोड़ की लागत से 2.45 किलोमीटर सड़क तैयार की जाएगी।
- कडरी-सल्खा मार्ग का 2.7 किलोमीटर का निर्माण 4 करोड़ 93 लाख रूपए की लागत से किया जाएगा।
- मेनरोड बहतरा से आमाकोनी के बीच 1.15 किलोमीटर सड़क का निर्माण 1 करोड़ 44 लाख रूपए की लागत से किया जाएगा।
- सोन-सोनसरी-सबरीडेरा के बीच 7.96 करोड़ की लागत से 2.5 किलोमीटर सड़क बनाई जाएगी। इस मार्ग पर सरारनाला में पुल का निर्माण भी किया जाना है।
- बिनौरी से हरदी-भगवानपाली के बीच 4 करोड़ 77 लाख की लागत से 3.2 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाना है।
- जयरामनगर से मोपका-खैरा के बीच 10 किलोमीटर सीपत-बिलासपुर बाईपास सड़क का निर्माण 40 करोड़ 50 लाख की लागत से किया जाना है। इस सड़क की स्वीकृति शासन से वर्ष 2016 में ही प्राप्त हो चुकी थी, लेकिन मुआवजा प्रकरण के चलते निर्माण प्रारंभ नहीं हो सका। अब इस वर्ष इसका निर्माण प्रारंभ किया जाएगा।

### बारिश के बाद शुरू होगा काम

शासन द्वारा इस वर्ष अब तक बजट में 18 सड़कों की स्वीकृति दी गई है। इनमें से कुछ के टेंडर ओपन हो चुके हैं, वहीं ज्यादातर टेंडर की प्रक्रिया में हैं। केवल सीपत-बिलासपुर बाईपास सड़क वर्ष 2016 की स्वीकृत सड़क है। शेष सभी नई सड़कें हैं। बारिश समाप्त होते ही निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

\- सीएस विंध्यराज, ईई पीडब्ल्यूडी, डिवीजन-1

## निगम व टाउन प्लानिंग पर भारी विकास सिंह के कारनामे

# फर्जी सील-साइन कर 140 से अधिक ले आउट भी पास कराए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने पिछले 10 सालों में 400 से अधिक नक्शे उस आर्किटेक्ट के पास कर दिए जो कि आर्किटेक्ट है ही नहीं। यही नहीं इसी विकास सिंह के नाम पर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से भी 140 से अधिक ले आउट पास कराने की भी जानकारी मिल रही है। इसमें विभाग में पदस्थ रहे एक अधिकारी की भूमिका बताई जा रही है।

हरिभूमि फॉलोअप

ध्यान रहे कि जिस विकास सिंह को आर्किटेक्ट बताकर निलंबित किया गया है वह निगम की ही लिस्ट में वह सिर्फ इंजीनियर के रूप में दर्ज है। हरिभूमि ने इसका खुलासा किया तो निगम से लेकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। जांच के बाद प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए निगम आयुक्त अमित कुमार ने भवन शाखा में करीब 8 सालों से जमे क्लर्क रमेश चौहान को हटा दिया है। उसे स्थापना विभाग भेजा गया है। इसके साथ ही निगम आयुक्त ने वर्तमान भवन अधिकारी अनुपम तिवारी से पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है। ध्यान रहे कि अनुपम तिवारी ने भवन शाखा का प्रभार एक महीना पहले ही संभाला है। इससे पहले इस विभाग की जिम्मेदारी लगभग 3 सालों तक निगम के इंजीनियर सुरेश शर्मा ने संभाली थी। गौरतलब है कि रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट द्वारा नक्शा तैयार करने एवं भवन निर्माण के सुपरविजन करने का शपथ पत्र दिया जाता है, जबकि विकास सिंह जो कि इंजीनियर है, वह नगर निगम बिलासपुर से लायसेंस क्रमांक 234 के माध्यम से पंजीकृत है। वह आर्किटेक्ट है ही नहीं। यह भी साफ हो गया है कि विकास सिंह काउंसिल आफ आर्किटेक्ट में पंजीकृत ही नहीं है और ना ही नगर निगम द्वारा अनुमोदित "आर्किटेक्ट पात्रता सूची" में शामिल हैं। वह एक सिविल इंजीनियर है जो कि आर्किटेक्ट बनकर काम कर रहा था।



बड़ा घोटाला : जो आर्किटेक्ट है ही नहीं उसके नाम पर 10 सालों में 400 से ज्यादा नक्शे पास कर दिए, निगम ने सस्पेंड भी कर दिया

हरिभूमि में 30 जुलाई को प्रकाशित खबर

**हरिभूमि के खुलासे के बाद हड़कंप**

विभाग में 8 सालों से जमे बाबू को हटाया गया

- विकास सिंह सुकमा का, 10 सालों में एक-दो बार ही आया
- निगम कमिश्नर पहुंचे भवन शाखा, फाइलों की पूरी जांच की, सख्त कार्रवाई के संकेत

### टीएंडसीपी में पदस्थ एक अधिकारी ने खेला खेल

प्रारंभिक जांच में यह भी साफ हुआ है कि विकास सिंह के नाम पर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग में पदस्थ रहे एक विवादित अधिकारी ने यह पूरा खेल खेला है। इसकी जानकारी मिलते ही निगम कमिश्नर अमित कुमार ने सख्त रवैय्या अपनाया है। बुधवार की सुबह ही वे भवन शाखा पहुंचे और फाइलों की पूरी जांच की। जानकारी मिली है कि निगम कमिश्नर ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग में पदस्थ उस अधिकारी को भी बुलाया जो कि विकास सिंह के नाम पर पूरा फर्जीवाड़ा कर रहा था। आयुक्त ने इस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की भी बात कही है। निगम कमिश्नर ने विकास सिंह को भी तलब किया है। जानकारी के मुताबिक यह खेल आगे भी जारी रहता और कभी खुलासा नहीं होता यदि विकास सिंह का लाइसेंस निलंबित नहीं किया गया होता। निलंबन के बाद जब आर्किटेक्ट संघ ने इसका विरोध किया तो पूरा मामला सामने आ गया कि विकास सिंह आर्किटेक्ट है ही नहीं। वह सिर्फ एक इंजीनियर है।

### इंजीनियर लाइसेंस का रजिस्ट्रेशन कराकर नक्शा पास

हरिभूमि की पड़ताल में यह भी सामने आया है कि इंजीनियर विकास सिंह ने आर्किटेक्ट बनकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से भी मिलीभगत की और वहां भी 140 के करीब ले आउट पास कराया। इस पूरे मामले में सबसे खास बात जो निकलकर सामने आ रही है कि यह विकास सिंह नाम का इंजीनियर मूलत सुकमा जिले का है और पिछले 10 सालों में एक दो बार ही बिलासपुर आया। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के ज्वाइंट डायरेक्टर आफिस में पूर्व में पदस्थ एक अधिकारी ने विकास सिंह के इंजीनियर लाइसेंस का रजिस्ट्रेशन नगर निगम में करवाया और उसके नाम पर पूरा खेल खेला। इस अधिकारी द्वारा ही नक्शा पास कराने से लेकर नियमितीकरण और लेआउट पास कराने तक सभी साइन और सील विकास सिंह के फर्जी तरीके से मारने की जानकारी भी मिल रही है।

### एक महीने में निगम ने 70 नक्शे पास कर दिए

हरिभूमि ने नगर निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से जब पूरी जानकारी निकाली तो सामने आया कि विकास सिंह का 2014 में नगर निगम में रजिस्ट्रेशन जरूर हुआ था लेकिन उसने इक्का-दुक्का भवन अनुज्ञा के लिए ही आवेदन दिया था। हरिभूमि की पड़ताल में यह भी सामने आया है कि अक्टूबर 2024 से लेकर जून 2025 तक एक ही तिथि में लगातार 20 से अधिक नक्शे पास किए गए हैं। मई 2025 में एक महीने में विकास सिंह के जहां 42 नक्शे पास किए गए तो जून 2025 में कुल 32 नक्शे पास किए गए है। यही नहीं नवंबर 2024 में एक महीने में इसी विकास सिंह के कुल 70 नक्शे पास कर दिए गए। सवाल है कि आम आदमी को अपना नक्शा पास कराने के लिए महीनों निगम के चक्कर काटने पड़ते हैं। अधिकारियों के सामने गिड़गिड़ाना तक पड़ता है वहीं विकास सिंह की फाइल पर ताबड़तोड़ हस्ताक्षर किए गए।

### एक दिन में ही 29 फाइलों को भवन अनुज्ञा दे दी गई

गहराई से इन तिथियां की जांच करने पर यह भी सामने आया कि 15 जून 2024 को एक ही दिन में निगम ने विकास सिंह द्वारा पेश 18 नक्शे पास करते हुए भवन अनुज्ञा दे दी। इसी तरह 2 मई 2025 को 10 नक्शा, 4 मई 2025 को 13 नक्शा, 5 मई 2025 को 29 नक्शा, 30 अप्रैल 2025 को 20 नक्शा, 29 अप्रैल 2025 को 21 नक्शा, 30 नवंबर 2024 को 17 नक्शा, 29 नवंबर 24 को 19 नक्शा, 28 नवंबर 2024 को 20 नक्शा और 27 नवंबर 2024 को 20 नक्शा एक दिन में पास किया गया है। लिस्ट देखने पर यह भी मालूम पड़ा कि विकास सिंह का पंजीयन नगर निगम में 2014 से है शुरुआती 8 सालों में जितने नक्शे पास नहीं हुए हैं उतने नक्शे मई और जून 2025 में पास कर दिए गए हैं।

## बदमाशों की जांच, हथियार सहित 2 3 वारंटी, 2 संदिग्ध पकड़े गए

**बिलासपुर।** पहली बार तोरवा क्षेत्र में पुलिस ने अभियान चलाते हुए बदमाशों के घरों में दबिश दी। इस दौरान अवैध हथियार सहित 2 बदमाश, 3 फरार वारंटी, संदिग्ध रूप से घूमने वाले 2 युवकों को पकड़ा गया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है।

एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर बुधवार को तड़के सीएसपी निमितेश सिंह, तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने स्टाप के साथ क्षेत्र गुण्डा बदमाश, संदिग्ध लोगों की धरकपड़ करने जांच अभियान चलाया गया है। क्षेत्र के बदमाशों में दबिश देकर जांच की गई। दो बदमाशों को पकड़कर उनके पास से 2 चाकू बरामद किया गया है। इसी तरह लंबे समय फरार चल रहे 3 वारंटियों को पकड़ा गया। क्षेत्र तड़के संदिग्ध रूप से घूम रहे 2 युवकों को पकड़ा गया है। पहली बार बदमाशों के धरपकड़ करने पुलिस के द्वारा छापामार कार्रवाई करने से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ था। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व सीएसपी श्री परिहार को तोरवा व तारबाहर थाने का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। उसके बाद यह कार्रवाई की गई है। इसके पहले कभी भी आकस्मिक गुण्डा बदमाशों की जांच नहीं हुई थी। जबकि तोरवा क्षेत्र अतिसंवेदनशील इलाका है। पूर्व में तोरवा क्षेत्र में गोली चलाना, हत्या, अवैध वसूली, डकैती, लूट की वारदात आमबात थी। क्षेत्र में गुटों के बदमाशों के बीच वर्चस्व की लड़ाई चलती थी। पूर्व में सीएसपी श्री परिहार के नेतृत्व में जरहाभाठा मिनीबस्ती, कुदूदण्ड, नयापारा, तालापारा में अभियान चलाकर गुण्डा बदमाशों पर कार्रवाई की गई थी।

पहली बार तोरवा क्षेत्र में कार्रवाई



### पकड़े गए बदमाश

- प्रथम चौहान पिता रंजीत चौहान 18 साल लालखदान आर्म्स एक्ट
- विशाल पासी पिता मुकेश पासी 18 साल लालखदान परियापारा आर्म्स एक्ट
- निखिल गंगवानी पिता मोहनलाल गंगवानी 29 साल मिनीबेकरी पावर हाउस वारंटी
- अभय छिपेल पिता शिवकुमार छिपेल 23 साल बापू उपनगर वारंटी
- विशाल उर्फ बाबू बक्सेल पिता स्व. रमेश बक्सेल 43 साल बापू उपनगर वारंटी
- निक्की पाल पिता कुलेश्वर पाल 30 साल लालखदान संदिग्ध
- कमल पाल पिता स्व. ललित पाल 30 साल लालखदान संदिग्ध

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 1 को

**बिलासपुर।** जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 1 अगस्त को शाम 4 बजे से जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में होगी। इसमें जिले में स्थित जलाशयों के जल भराव की स्थिति, रबी फसल की उपलब्धि तथा खरीफ फसल का लक्ष्य निर्धारण, खाद, बीज व कीट नाशक का भण्डारण, वितरण एवं उपलब्धता की समीक्षा की जाएगी।

मामले का वायरल हुआ था वीडियो

## चावल के बदले हितग्राही को दे दिए पैसे, दुकान निलंबित

**बिलासपुर।** हितग्राही को चावल के बदले पैसे देते हुए वीडियो वायरल होने के बाद संबंधित को नोटिस जारी किया गया था। जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में खाद्य नियंत्रक द्वारा उक्त राशन दुकान को निलंबित कर दिया है। क्षेत्र में शीघ्र ही दूसरी दुकान खोलकर कार्डधारियों के लिए राशन वितरण की व्यवस्था की जाएगी।

शहर के वार्ड कमांक 23 मदर टेरेसा नगर, मगरपारा में जय महालक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह द्वारा उचित मूल्य दुकान का संचालन किया जा रहा है। उक्त उचित मूल्य दुकान में चावल के बदले पैसे प्रदाय किये जाने के संबंध में बीते दिनों एक वीडियो वायरल हुई थी। खाद्य विभाग द्वारा उक्त वायरल विडियों एवं शिकायत की जांच विगत 7 जून को की गई थी। जांच के बाद उचित मूल्य दुकान में अनियमितता प्राप्त होने पर अध्यक्ष, सचिव एवं विक्रेता को दिनांक 16 जून को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था।

■ पहले नोटिस फिर निलंबन की कार्रवाई

इस संबंध में संबंधित दुकान संचालक द्वारा विभाग को जवाब प्रस्तुत किया गया था, जिसके संतोषप्रद नहीं पाए जाने की स्थिति में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कण्डिका 16 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इसी तरह आगामी आदेश तक उचित मूल्य दुकान को आदर्श प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार में संलग्न किया गया है।

### जांच की गई थी

मगरपारा की जय महालक्ष्मी राशन दुकान के संबंध में अनियमितता की शिकायत मिलने पर जांच की गई थी। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में दुकान निलंबित कर दी गई है। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर फिलहाल निलंबित दुकान को आसपास संचालित एक अन्य दुकान में अटैच किया गया है। राशनकार्ड धारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही नई दुकान खोलने की व्यवस्था की जाएगी।

\- अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

## खबर संक्षेप

### भाजपा पिछड़ा वर्ग का संभागीय सम्मेलन आज

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पाटी पिछड़ा वर्ग का संभागीय सम्मेलन गुरुवार दोपहर 12 बजे से सिम्स आडिटोरियम में होने जा रहा है। इस सम्मेलन में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सिंह एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव सहित भाजपा के नेता, विधायक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे।

भाजपा पिछड़ा वर्ग के इस सम्मेलन में एक देश एक चुनाव, जाति जनगणना, संकल्प से सिद्धि तक, सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के अमृत काल और एक पेड़ मां के नाम विषय पर चर्चा होगी।

सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अलावा प्रदेश के मंत्री लखनलाल देवांगन, विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, धर्मजीत सिंह, पुन्नूलाल मोहले, प्रणव कुमार मरपच्ची, चंदूलाल साहू सहित अन्य शामिल होंगे।

### प्राचार्य प्रमोशन पर सुनवाई जारी

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट में जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल के कोर्ट में प्राचार्य पदोन्नति पर सुनवाई बुधवार को भी जारी रही। याचिकाकर्ता के वकील द्वारा लगातार 28, 29 व 30 जुलाई, तीन दिनों तक अपना पक्ष रखा गया है। बुधवार को प्राचार्य एवं विभागीय नियम की चर्चा शासन पक्ष की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर ने रखा। उन्होंने याचिकाकर्ता के लिए बताया कि प्रधान पाठक मिडिल स्कूल के सेवा को 5 वर्ष के अनुभव हेतु पात्रता के लिए रखा है, प्रधान पाठक पद से व्याख्याता कोटे में सीनियरिटी देने का नियम नहीं है। डबल बैंच में यही डायरेक्शन है। इसके बाद इंटरविनर अधिवक्ता अनूप मजूमदार सहित अन्य हस्तक्षेपक के द्वारा पक्ष रखा जा सकता है। कोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ता ने सुनवाई में कि नियम सहित अभी के आपत्ति के सभी विषयों पर डबल बैंच में इस प्रकृति के सभी केश को निराकृत करते हुए स्टे हटा दिया गया है।

### व्याख्याताओं को अपात्र करने का आरोप

**बिलासपुर।** जिला पंचायत में ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर यानी बीआरसी की चयन प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं। चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता की जगह चहेतों को लाभ पहुंचाने का आरोप लग रहा है। पैनल में शामिल अफसरों ने बीआरपी के नियमों का हवाला देकर तीन व्याख्याताओं को अपात्र घोषित कर दिया, जबकि विशेषज्ञों का कहना है कि वह नियम बीआरसी पर लागू नहीं होता। इस मामले में व्याख्याताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया है। इन व्याख्याताओं ने बताया कि बीआरसी के लिए 9 उम्मीदवारों को बुलाया गया था। इनमें सूरज कुमार क्षत्री, प्रणय वर्मा, योगेश कुमार पांडे, योगेश डोंगरे, दिलीप चंदेल, प्रशांत शर्मा, पुष्पेंद्र चंदेल, मन्नूलाल कुर्रे और हरप्रसाद भारद्वाज शामिल थे। इनमें डोंगरे, चंदेल और भारद्वाज व्याख्याता हैं।

### जिले में अब तक 657.6 मि.मी. बारिश दर्ज

**बिलासपुर।** जिले में चालू खरीफ मौसम में अब तक 657.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जो कि पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 498.1 मिमी से 159.5 मिमी अधिक है। अधीक्षक भू अभिलेख के अनुसार सबसे अधिक बारिश 793 मिमी बेलगहना तहसील में और सबसे कम बारिश 536.4 मिमी कोटा में रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार बिलासपुर तहसील में 788.1 मिमी, बिल्हा तहसील में 641.3 मिमी, मस्तूरी में 652.1 मिमी, तखतपुर में 703.2 मिमी, सीपत में 633.8 मिमी, बोदरी में 591.5 मिमी, बेलतरा में 559 मिमी, रतनपुर में 659.7 मिमी, सकरी में 700.3 मिमी और पचपेड़ी तहसील में 632.4 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है।

## नए कुलपति प्रोफेसर सारस्वत ने लिया चार्ज

# ओयू को डिजिटल फ्रेंडली बनाने पर दिया जाएगा जोर

**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के नवनियुक्त कुलपति प्रो. वीरेन्द्र कुमार सारस्वत ने बुधवार को यूनिवर्सिटी पहुंचकर विधिवत रूप से कुलपति का पद संभाल लिया। इसके बाद उन्होंने ओपन यूनिवर्सिटी के अधिकारियों-कर्मचारियों व विभागाध्यक्षों की बैठक ली, जिसमें उन्होंने अपना विजन साझा करते हुए यूनिवर्सिटी को डिजिटल फ्रेंडली बनाने पर जोर दिया।

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के नए कुलपति प्रो. वीरेन्द्र कुमार सारस्वत आज सुबह करीब 11 बजे यूनिवर्सिटी पहुंचे और प्रभारी कुलपति बिलासपुर संभागायुक्त सुनील जैन से कुलपति पद का पदभार लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने ओपन यूनिवर्सिटी के सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों की मैराथन बैठक लेते हुए यूनिवर्सिटी के सर्वांगीण विकास, अकादमिक उत्कृष्टता और डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में समर्पित कार्ययोजना प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि ओपन यूनिवर्सिटी की भूमिका बदलते समय के साथ और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। हमें तकनीक, गुणवत्ता और पहुंच तीनों स्तरों पर सुधार लाना होगा। उन्होंने अपना विजन साझा करते हुए डिजिटल एजुकेशन के विस्तार के बारे में कहा कि आने वाले समय में ई-लर्निंग प्लेटफार्म, मोबाइल ऐप आधारित लर्निंग, वर्चुअल क्लास रूम और एसएलएम की डिजिटल उपलब्धता को प्राथमिकता दी जाएगी। शोध व नवाचार को बढ़ावा देने के लिए यूनिवर्सिटी में रिसर्च सेंटर की स्थापना, पीएचडी गाइड लाइंस का सुदृढ़ीकरण तथा गुणवत्तापूर्ण प्रकाशन को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जाएगा। प्रशासनिक पारदर्शिता को लेकर कुलपति प्रो. सारस्वत ने कहा कि प्रशासनिक प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए समर्थ आधारित प्रणाली लागू होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों, कर्मचारियों को साथ लेकर चलने को लेकर कहा कि टीम वर्क ही किसी भी संस्था की असली शक्ति होती है। यूनिवर्सिटी का प्रत्येक शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी यूनिवर्सिटी के परिवर्तन का वाहक बनेगा।



### ओपन यूनिवर्सिटी को बनाएंगे मॉडल संस्थान

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के नए कुलपति प्रो. वीरेन्द्र कुमार सारस्वत ने यूनिवर्सिटी को देश में एक मॉडल ओपन यूनिवर्सिटी के रूप में पहचान दिलाने का संकल्प के साथ पदभार ग्रहण किया। उन्होंने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता और छात्र सेवाओं को सशक्त बनाना है। उन्होंने यूनिवर्सिटी के विकास को लेकर कहा कि उनकी रणनीति शैक्षणिक नवाचार, टेक्नालाजी आधारित सेवाएं और डिजिटल अधोसंरचना के इर्दगिर्द केन्द्रित रहेगी। उन्होंने बताया कि उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना, उद्योग आधारित पाठ्यक्रमों की शुरुआत करना और टेक्नोलाजी आधारित छात्र सेवाओं का विस्तार करना शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और परिणामों की समयबद्ध घोषणा को सुनिश्चित किया जाएगा। प्रो. सारस्वत ने शैक्षणिक, डिजिटल और भौतिक संरचना पर विशेष फोकस करते हुए अकादमिक, इन्फ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल शिक्षा में समग्र सुधार की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के पाठ्यक्रमों को उद्योग-उन्मुख और कौशल आधारित बनाया जाएगा, जिससे छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलें। डिजिटल शिक्षा को मजबूती देने के लिए एआई आधारित लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया जाएगा, जिससे छत्तीसगढ़ के दूरस्थ इलाकों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंच सके।

## खबर संक्षेप

### सैनिकों के लिए रक्षा सूत्र कलेक्टर को सौंपे गए



**बिलासपुर।** सिपाही रक्षा-सूत्र संकलन 2025 के तहत बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं बिलासपुर सीईओ संदीप अग्रवाल को शा.हाई स्कूल फरहदा की व्याख्याता डॉ. पूनम सिंह ने रक्षा सूत्र सौंपा । संकलनकर्ता पूनम सिंह ने शहर के विभिन्न शालाओं एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से रक्षा सूत्र संकलन किया। रक्षा सूत्र के माध्यम से विद्यार्थियों के मन में भारत के वीर सपूतों के प्रति देशभक्ति की भावना जागृत हो। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई राखियां भारतीय सेना -जल सेना,थल सेना ,वायु सेना में कार्यरत वीर सपूतों के पास भेजा जाएगा।

### सीएमडी कालेज के रजिस्ट्रार गुप्ता आज होंगे सेवानिवृत्त



**बिलासपुर।** सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत कौशल कुमार गुप्ता ने महाविद्यालयीन सेवा में लगभग 40 वर्षो की सेवायात्रा पूर्ण करने के उपरांत 31 जुलाई को को अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होंगे। महाविद्यालय में रजिस्ट्रार का एक ही पद रहा है जो अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशासकीय कड़ी का पद है। महाविद्यालय प्रशासन को इनकी नियमित नियुक्ति की अनुशंसा शासन के उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त हुई थी। उक्त पद पर इन्होंने महाविद्यालयीन विकास एवं प्रशासनिक कार्यो में अपनी बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री गुप्ता जनवरी 1986 में नियुक्त हुए उसी दिन से अपनी जिम्मेदारियों सेवा या दायित्व पर ही ध्यान केनद्रित करते हुये आत्मसम्मान के साथ उसके अनुरूप कार्य करते रहे।

### पायल सीआरपीएफ की आंतरिक शिकायत समिति में



**बिलासपुर।** पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष पायल लाठ की समाजसेवा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रियता को देखते हुए सीआरपीएफ ने छत्तीसगढ़ सेक्टर की आंतरिक शिकायत समिति का सदस्य नियुक्त किया है। यह समिति कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न की शिकायतों की निष्पक्ष जांच और समाधान के लिए गठित की जाती है। पायल को यह जिम्मेदारी उनके सामाजिक कार्यों, महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने और उनके न्यायसंगत विचारों के चलते सौंपी गई है। समिति की सदस्य बनने के बाद पायल ने कहा कि यह न केवल उनके लिए सम्मान की बात है बल्कि महिलाओं को सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक बड़ा दायित्व भी है। उनकी नियुक्ति से समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए सजग एवं संवेदनशील लोगों की भूमिका अहम है।

### बृजेश बने पटवारी संघ के प्रदेश संयोजक



**बिलासपुर।** राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष भागवत कश्यप की अध्यक्षता में जिले में आयोजित प्रथम कार्यकारिणी बैठक में बिलासपुर जिले के पटवारी बृजेश सिंह राजपूत को प्रदेश संयोजक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में संगठन विस्तार, पटवारियों की समस्याएं, सेवा शर्तों में सुधार सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### बिजली कर्मचारी महासंघ के संजय अध्यक्ष और नवरतन महामंत्री बने



**बिलासपुर।** कोरबा स्थित श्रम कल्याण भवन जूनियर क्लब एचटीपीपी में छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ के द्विवार्षिक अधिवेशन का समापन हो गया। इसमें छग सरकार के उद्योग वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन उपस्थित रहे। अधिवेशन में विभिन्न कर्मचारी से संबंधित मुद्दों जैसे ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, चतुर्थ वेतनमान लागू करने, तकनीकी कर्मचारियों को 3% महंगाई भत्ता देने, आईटीआई योग्यताधारी कर्मचारियों को तकनीशियन वितरण एवं डिप्लोमा योग्यताधारी कर्मचारियों को कनिष्ठ यंत्री के पद पर चयनित करने प्रस्ताव पारित किया गया। उसे पूर्ण करने का संकल्प लिया गया। इसमें बिलासपुर के संजय तिवारी को प्रदेश कार्यसमिति का प्रांतीय अध्यक्ष, तेजप्रताप सिन्हा को कार्यकारी अध्यक्ष, नवरतन बरेठ महामंत्री, कोमल देवांगन कोषाध्यक्ष, पीयूष सिन्हा संगठन मंत्री नियुक्त किए गए। अधिवेशन की अध्यक्षता बी एस राजपूत ने की। राधेश्याम जायसवाल, विशिष्ट अतिथि दिनेश पांडेय, अशोक मोदी, शिशिर कुमार मजूमदार, एल पी कटकवर आदि उपस्थित रहे।

### हर्षोल्लास से मनाया गया बरई-चौरसिया दिवस, हुए विविध आयोजन



**बिलासपुर।** बरई-चौरसिया समाज ने नागपंचमी पर्व पर चौरसिया दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत भोले नाथ की रुद्राभिषेक से प्रारंभ हुई। समाज के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद थवाईत व कार्यकारी अध्यक्ष रामबनवास थवाईत ने अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में सुंदर चित्र उकेरे, वहीं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हें बच्चों ने भाग लिया। समाज की महिला सदस्यों ने छत्तीसगढ़ व्यंजन और सजाओ सहित मेहंदी प्रतियोगिता में अपनी कल का प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वहीं समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जयंती थवाईत को उत्कृष्ट कार्य के लिए विशेष रूप से पुरस्कृत की गईं। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

---

**आनलाइन पंजीयन 15 से जारी था** | **विभागवार लिस्ट निकालने का सिलसिला शाम तक चलता रहा**

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजी के 2159 सीटों पर एडमिशन के लिए पहली लिस्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी सीयूईटी के स्कोर आधार पर स्नातक स्तर के पाठयक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार को स्नातक स्तर के विभिन्न पाठयक्रमों में कुल 2 हजार 159 सीटों के लिए पहली लिस्ट जारी हुई। प्रवेश के लिए पहली लिस्ट जारी करने का सिलसिला विभागवार शाम तक चलता रहा।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में स्नातक स्तर के पाठयक्रमों में एडमिशन के लिए आनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 15



जुलाई से चालू हुई थी और 25 जुलाई पंजीयन की अंतिम तिथि थी। इसमें वे बारहवीं उत्तीर्ण स्टूडेंटस पंजीयन कराए हैं जिन्होंने सीयूईटी एग्जाम दिया है। इसके बाद प्रथम चरण के एडमिशन के लिए पंजीयन कराने वाले स्टूडेंटस की आज पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई है। अलग-अलग विभागों में स्नातक पाठयक्रमों में जितनी-जितनी सीटें है उसके अनुसार से विभागवार लिस्ट निकाली गई है और लिस्ट जारी करने का सिलसिला शाम तक चलता रहा। पहली लिस्ट में जिन स्टूडेंट्स का नाम आया है, उन्हें यूनिवर्सिटी की ओर से ई-मेल के जरिए सूचना दी जा रही है। कई स्टूडेंट्स के पास दोपहर तक कोई सूचना, मैसेज नहीं आया था इसलिए वे इधर-उधर फोन लगाकर लिस्ट जारी होने की जानकारी लेते रहें।

### मेरिट लिस्ट जारी होगी 5 को

इसके बाद 5 अगस्त को दूसरे चरण के एडमिशन के लिए मेरिट लिस्ट निकाली जाएगी। प्रथम एवं द्वितीय चरण में अंतिम प्रवेश प्राप्त स्टूडेंटस द्वारा प्रत्यक्ष उपस्थिति एवं दस्तावेजों का सत्यापन 18 से 19 जुलाई तक किया गया। भौतिक सत्यापन के बाद खाली बची सीटों में आगे प्रवेश के लिए 20 जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी की गई और आवश्यकता पड़ने पर 29 अगस्त को आफलाइन काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी।

### पीजी पाठयक्रमों के लिए स्पॉट राउंड आज

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीजी पाठयक्रमों में सीयूईटी स्कोर के आधार प्रवेश दिया जाता है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीजी में प्रवेश प्रक्रिया यूजी से पहले ही चालू हो गई थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीजी के 33 पाठयक्रमों में लगभग 1400 सीटें हैं जिनपर एडमिशन प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए पहले राउंड की काउंसिलिंग 11 जून से शुरू हुई थी, उसके बाद सेकंड राउंड काउंसिलिंग तहत 17 जून को लिस्ट जारी हुई थी। पीजी पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए दो बार आनलाइन और दो बार आफलाइन काउंसिलिंग हो चुकी है और अब खाली बची सीटों को भरने के लिए 31 जुलाई गुरुवार को अंतिम चरण की स्पॉट राउंड काउंसिलिंग रखी गई है। इस स्पॉट राउंड काउंसिलिंग में वे स्टूडेंट्स भी आवेदन कर शामिल हो सकते हैं, जिन्होंने सीयूईटी एग्जाम नहीं दिया है।

---

**कमेटी बनाई जाएगी, जिसमें सभी वर्ग के लोग होंगे शामिल**

# विशेष कैमरे से शहर की निगरानी की प्लानिंग, जनभागीदारी से होगी संचालित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सब कुछ सही रहा तो जल्द ही पूरा शहर विशेष कैमरे की जद में होगा,कोई भी अपराधी अपराध करके बच नहीं पाएगा विशेष कैमरे की मदद से जल्द गिरफ्त में होगा और इससे पुख्ता सबूत भी तैयार होगा।

स्मार्ट सिटी परियोजना के आईटीएमएस की तर्ज पर पूरे नगर निगम क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा लगाने और कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाने की प्लानिंग की जा रही है,और इस योजना में सबसे खास बात यह है की इसका संचालन प्रशासन के ज़रिए ना करके नागरिकों द्वारा बनाई गई कमेटी द्वारा की जाएगी। जिनके हाथों में क्रियान्वयन,नियंत्रण और निगरानी की जिम्मेदारी होगी। इस अभिनव पहल से पूरे शहर में सुरक्षा,व्यवस्था और समन्वय बेहतर होगा। प्लानिंग के अनुसार जन सहभागिता से क्रियान्वित होने वाली इस योजना के संदर्भ में जानकारी देने के लिए आज मंथन कक्ष में कलेक्टर संजय अग्रवाल और निगम कमिश्नर अमित कुमार ने शहर के विभिन्न संगठनों के साथ चर्चा किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी संगठन के पदाधिकारियों से सुझाव मांगे और सहयोग की अपील की।

### नागरिकों की सुरक्षा की दिशा में सबको आगे बढ़ना है

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा की किसी भी शहर की उपलब्धि और पहचान में वहां के नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है,स्वच्छता में बिलासपुर का नाम हुआ है इसमें नागरिकों का बहुत बड़ा योगदान है,अब शहर एवं नागरिकों की सुरक्षा की दिशा में हम सबको आगे बढ़ना है। कलेक्टर ने शहर के सभी क्षेत्रों में विशेष कैमरे लगाने और एक इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर तैयार करने की योजना से सभी को अवगत कराया।

### निगम कमिश्नर ने योजना पर डाला प्रकाश

निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बताया की अभी शहर के प्रमुख स्थानों पर स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर द्वारा संचालित 23 जंक्शन में 523 कैमरे लगे है,इसी तर्ज पर पूरे शहर को निगरानी में रखने की आवश्यकता है। निगम कमिश्नर ने उपस्थित पदाधिकारियों को बताया की पूरे शहर में कैमरा लगे और उसे एक ग्रिड से कनेक्ट किया जाए।

**इनकी रही उपस्थिति:** आज की बैठक में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन से दीपक,साराफा एसोसिएशन से कमल सराफ,श्रीकांत पाण्डेय, व्यापार विहार व्यापारी संघ से पवन वाधवानी, मर्चेंट एसोसिएशन से विनोद मेघानी, कैट बिलासपुर ईकाई के किशोर पंजवानी,आशीष अग्रवाल,भक्त कंवर राम मार्केट के अध्यक्ष अशोक बजाज, कंसल्टिंग इंजीनियर एसोसिएशन से आलोक त्रिवेदी,वीएस शास्त्री,चेंबर ऑफ कॉमर्स से अनिल वाधवानी,नवदीप अरोरा, राजीव प्लाजा व्यापारी संघ से तेजपाल सलूजा,ट्रेजर से सतीश पाल,विजय वाधवानी,बालमुकुंद स्कूल से रवींद्र पाण्डेय, अक्षय गुरूकुल से श्वेता सिंह,कौशलेंद्र ला कालेज,शासकीय स्कूल तालापारा से सैय्यद हुसैन,क्रेडाई से सुशील पटेरिया,अमित अग्रवाल,पार्ट्स एसोसिएशन से हरदीप सिंह होरा,नवदीप लूथरा,टू व्हीलर सेलिंग एसोसिएशन से जशपाल सिंह, कृपाल सिंह भोगल,अब्दुल वाहिद, इमरान खान, सोनू सिंह रीहल, दयानंद तीर्थानी, प्रकाश सोंथालिया,बिलासा कालेज प्राचार्य अंजू तिवारी, महर्षि कॉलेज, सीए समेत विभिन्न संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# 5 करोड़ की यूटीएस और पार्किंग को तोड़ा जा रहा



**बिलासपुर।** पांच करोड़ रुपए की लागत से चुचुहियापारा की ओर रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए बुकिंग काउंटर और एफओबी के रैंप व पार्किंग सहित अन्य निर्माण कार्य किया गया था, अब रेल प्रशासन ने बुकिंग काउंटर को केवल दो फीट आगे बढ़ाने के साथ पार्किंग और एफओबी को तोड़ने का काम करते हुए करोड़ों रुपए पानी में बहाने का काम कर रही है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन के दूसरे छोर पर चुचुहियापारा की ओर रहने वाले लोगों को रेल प्रशासन से किसी तरह की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। इसके कारण लोगों को ट्रेन में सफर करने के लिए टिकिट की खरीदी करने के लिए लाइन पार कर आना पड़ रहा था। लोग प्लेटफार्म नम्बर 4-5 से एफओबी या फिर लाइन पार करते हुए एक नम्बर प्लेटफार्म तक पहुंचते थे, जिसमें कई बार टीटीई और आरपीएफ की कार्रवाई का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों के साथ जनप्रतिनिधियों ने कई बार लाइन पार यानि चुचुहियापारा की ओर आरक्षण और अनारक्षित काउंटर के साथ अन्य सुविधाएं देने की मांग रेल प्रशासन के सामने की। मांग करने के उपरांत चार साल पहले जोनल और डिवीजन के अफसरों ने काउंटर व अन्य कार्यों को करने के लिए बजट बनाकर स्वीकृति के लिए रेलवे बोर्ड के पास भेजा था।

### गतिशक्ति का कार्य

रेलवे स्टेशन डेवलपमेंट में चुचुहियापारा की ओर नया निर्माण कार्य शामिल है। यह सारे कार्य गतिशक्ति विभाग की ओर से किए जा रहे हैं। संभवतः कुछ कार्यो को नए स्वरूप में करने के लिए पार्किंग व एफओबी को तोड़ा जा रहा है, जिससे आने वाले दिनों में यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

---

## आईजी ने ली रेंज स्तरीय रेलवे सुरक्षा समिति की बैठक



**बिलासपुर।** रेंज स्तरीय रेलवे सुरक्षा समिति की बैठक 30 जुलाई को आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने रेलवे सुरक्षा बल, शासकीय रेल पुलिस एवं बिलासपुर रेंज के रेल लाइन से जुडे जिले बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चाम्पा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं सक्ती के पुलिस अधीक्षकों की बैठक ली।

बैठक में रेलवे स्टेशनों में गत बैठक में दिए गए निर्देशों के उपरांत आर.पी.एफ. द्वारा रेलवे स्टेशनों में स्थापित सी.सी.टी.व्ही. कैमरों की प्रगति की समीक्षा करते हुए एफ.आर.एस. तकनीक के स्थापित करने सीसीटी.व्ही. कैमरों में अपराधियों की फोटो/डाटा अपलोड कराने निर्देशित किया गया। आर.पी.एफ द्वारा रेलवे स्टेशनों में माह अक्टूबर 2025 तक स्थापित करने वाले सीसीटीव्ही कैमरे लगाने की डेडलाइन निर्धारित होने संबंधी जानकारी दी गई। मादक पदार्थ गांजा व नशीली दवाएँ, इन्जेक्शन की तस्करी के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई करने तथा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत रेलवे स्टेशन में नशा करने वाले बच्चों को नशा मुक्त करने संस्थागत प्रयास करने पर बल दिया। ट्रेन पर पत्थरबाजी करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने तथा रेलवे स्टेशन पर एवं यात्रियों को यात्रा के दौरान ट्रांसजेंडर द्वारा परेशान करने, छीनाझपटी इत्यादि पर प्रभावी कार्यवाही कराते हुए इस पर अंकुश लगाने निर्देश दिए गए। रेलवे स्टेशन में असामाजिक तत्वों के जमावड़े पर अंकुश लगाने आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस को प्रो-एक्टीव होकर करने कहा गया। बैठक में एसपी रजनेश सिंह, एसपी दिव्यांग पटेल, एसपी कोरबा सिद्धार्थ तिवारी, एसपी सक्ती सुश्री अंकित शर्मा, पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा विजय पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही सुरजन राम भगत दिनेश तोमर, मधुलिका सिंह और थाना प्रभारी जी.आर.पी. उप निरीक्षक श्री डी.एन.श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## 99 रुपए में 31 प्रकार की जांच होगी हेल्थ कियोस्क में




**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर ने स्वास्थ्य जागरूकता के लिए बेहतरीन पहल की है, जिसके तहत स्टेशन परिसर में उपलब्ध हेल्थ कियोस्क से यात्रियों को केवल 99 रुपए खर्च कर 31 प्रकार की जांच कराने की सुविधा मिल रही है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन परिसर में हेल्थ कियोस्क की स्थापना की गई है, जो यात्रियों को आवश्यक चिकित्सीय जांच की सुविधा प्रदान कर रही है। यह हेल्थ कियोस्क आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है।

यात्रियों को ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, विजन टेस्ट, कलर ब्लाइंडनेस टेस्ट, एचबी टेस्ट, हार्ट रेट, कान की जांच आदि की जांच की सुविधा कम समय में किफायती दर पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा 99 रुपए में 31 प्रकार की जांच, 129 रुपए में मातृत्व देखभाल पैकेज, 139 रुपए में बच्चों का स्वास्थ्य चेकअप, 349 रुपए में डायबिटीज केयर पैकेज, 399 रुपए में वरिष्ठ नागरिक वेलनेस पैकेज, 749 रुपए में समग्र स्वास्थ्य जांच पैकेज के साथ ही बाजार से काफी किफायती दर में 64 प्रकार की स्वास्थ्य जांच की तत्काल रिपोर्ट जैसी सुविधा भी उपलब्ध हैं। यह कियोस्क अत्याधुनिक उपकरणों और डिजिटल तकनीक से लैस होने के फलस्वरूप यात्रियों को त्वरित और सटीक रिपोर्ट प्रदान कर रही है।

यह हेल्थ कियोस्क बिलासपुर रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित रेल कोच रेस्टोरेंट के सामने प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के बगल में है, जिसमें यात्रियों को सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक सुविधा मिल रही है। बिलासपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग सिंह ने बताया कि मंडल की ओर से उठाया गया यह कदम यात्रियों की सुविधा में वृद्धि कर रहा है। हेल्थ कियोस्क की सेवा से यात्रियों को मेडिकल जांच के लिए समय बचाने और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने में सहायता मिल रही है।

## बिलासा कालेज में छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में नवप्रवेशी स्नातक छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम में बीए प्रथम सेमेस्टर, बी काम. प्रथम सेमेस्टर एवं बीबीए प्रथम सेमेस्टर एवं बीएससी.(बायो, गणित, कम्प्यूटर सांइस, माईक्रो बायोलाजी, बायो टेक्नोलॉजी के लिए सभागार में आयोजित किया गया।

प्राचार्य डॉ. एस. आर. कमलेश ने छात्राओं से कहा कि महाविद्यालय केवल एक डिग्री प्रदान करने का स्थल नहीं है, बल्कि यह जीवन मूल्य नैतिकता नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति की शिक्षा भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाली पुस्तकों का नियमित अध्ययन करें नोट बनाना एवं पुनरावृत्ति की आदत को विकसित करें। वर्तमान में वैश्विक स्तर पर रोजगार की नई संभावनाएं उत्पन्न हो रही है। डॉ. रमेश पाण्डे एवं डॉ. सीमा मिश्रा ने एनईपी–2020 विषय पर सेमेस्टर प्रणाली का संचालन, पाठ्क्रम का निर्धारण, केडिट अर्जित करने का माध्यम एवं परीक्षा प्रणाली पर व्याख्यान दिए। सहा. प्राध्यापक निवृत्ति जेम्स एवं डॉ. मधुलिका सिन्हा ने स्वास्थ्य से संबंधित किट महाविद्यालय में उपलब्धता एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सुरेश पवार, बी. आर. चौधरी, डॉ. अर्चना पाण्डे, डॉ. संगीता शुक्ला डॉ. पुष्पा भण्डारी आदि मौजूद थीं।

---

# सिम्स में सोनोग्राफी की मदद से निकाले गए लोहे के चार तार, 10 वर्षीय बालक के पैर को दर्द से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स बिलासपुर ने चिकित्सकीय क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। रेडियोलॉजी विभाग और सर्जरी विभाग के संयुक्त प्रयास से ऑपरेशन के दौरान सोनोग्राफी की मदद से एक 10 वर्षीय बालक के पैर में फंसे लोहे के चार तार को सफलतापूर्वक निकाला गया।

सिम्स के डाक्टरों ने बताया कि लमेर निवासी 10 वर्षीय आदित्य खांडे पिता दीप कुमार लगभग 4 माह पूर्व साइकिल चलाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में साइकिल का टायर फटने से बाहर निकला लोहे का तार उसके दाहिने पैर में घुस गया। तार पैर में टूटकर अंदर फंस गया और चार टुकड़ों में लगभग 2 से 5 सेमी लंबाई में मांसपेशियों में



धंस गया। बच्चे को सूजन और दर्द की शिकायत बनी रही। तीन दिन पूर्व परिजन उसे सिम्स के सर्जरी विभाग में लेकर पहुंचे, जहां सर्जन डॉ. बीडी तिवारी ने जांच करवाई। एक्सरे और सोनोग्राफी से यह पुष्टि हुई कि तार पैर की मांसपेशियों में गहराई तक धंसा हुआ है। अंदर ही अंदर मवाद बन चुका है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉ. ओपी राज एवं डॉ. बीडी तिवारी ने ऑपरेशन का निर्णय लिया। विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह के निर्देशन में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमन अग्रवाल ने ऑपरेशन थिएटर में ही लाइव सोनोग्राफी से लोहे के तारों की स्थिति चिन्हित की। सर्जनों ने बहुत ही कम चीरफाड़ कर सफलतापूर्वक सभी चारो तारों को निकाल दिया। इस जटिल ऑपरेशन में सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. रघुराज सिंह, डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. भावना रायजादा, डॉ. मिल्टन, डॉ. श्वेता कुजूर, और डॉ. मयंक अग्रे का योगदान रहा।

सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमनेश मूर्ति और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने सभी चिकित्सकों की इस सामूहिक उपलब्धि की प्रशंसा की हैं।

## हेमू नगर वार्ड के वार्ड पार्षद वल्लभ ने किया पौधरोपण

**बिलासपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस 29 जुलाई को हेमू नगर वार्ड के वार्ड पार्षद वल्लभ के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। इस दौरान पूर्वी मंडल शक्ति केंद्र प्रभारी संतोष सिंह, राजा गोस्वामी, मंडल मंत्री वेंकट राव मंडल महिला मोर्चा महामंत्री लोकेश्वरी राठौर, पूर्वी मंडल युवा मोर्चा महामंत्री शैलेंद्र बाजपेई, युवा मोर्चा के मंडल मंत्री रुपेश यादव,संजय देवनाथ एवं भाजपा समस्त भाजपा कार्यकर्ता और हेमू नगर वार्ड के गणमान्य नगर वासियों ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में शामिल होकर पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण का महत्व बताते हुए इसकी सुरक्षा का संकल्प लिया।



## शैल वस्त्रालय में लूट मार सेल का आज अंतिम दिन



**बिलासपुर।** फैशन और बचत के दीवानों के लिए मसानगंज स्थित लोकप्रिय फैशन शोरूम शैल वस्त्रालय साल की सबसे बड़ी और धमाकेदार लूट मार सेल लेकर आया है। इसका 31 जुलाई को अंतिम दिन है। जिसमें ग्राहकों को बेहतरीन परिधानों पर शानदार छूट दी जा रही है।

इस आकर्षक सेल में चुनिंदा वस्त्रों पर 50% तक की छूट दी जा रही है। लिमिटेड एडिशन पर सीधी 60% की छूट और मेंस एथनिक वियर पर एक की खरीदी पर 20 प्रतिशत की छूट, 2 की खरीदी पर 25 प्रतिशत की छूट है। इसी तरह 3 की खरीदी पर 30 प्रतिशत की छूट कंपनी संस्थान द्वारा दी जा रही है। इसके स्थानीय संचालक ने बताया कि शैल वस्त्रालय पर इस आफर के तहत महिलाओं और पुरुषों के लिए ट्रेंडिंग फैशन का विशाल संग्रह लेकर आए हैं। इसमें ब्राइडल डिजाइनर लहंगा, इंडो वेस्टर्न, पार्टी वियर साड़ी, कोसा साड़ी, कॉटन सिल्क साड़ी, कुर्ती, जींस टॉप, गाउन, बन पीस, शेरवानी, गरारा, और मेंस एथनिक वियर – सब कुछ एक ही छत के नीचे उपलब्ध है।

यह सेल खासकर उन ग्राहकों के लिए सुनहरा अवसर है, जो शादी-ब्याह या त्योहारों के लिए फैशनेबल परिधान खरीदना चाहते हैं, वो भी बड़े डिस्काउंट पर।

**बिजनेस प्लस**

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 31 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




स्पर्धा

## क्ले मॉडलिंग एक्टिविटी में नन्हें बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में क्ले मॉडलिंग एक्टिविटी आयोजित की गई। इस रचनात्मक कार्यक्रम में पी.पी.डब्लू विंग की कक्षा नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के विद्यार्थियों ने भाग लेकर रंग-बिरंगी क्ले के माध्यम से सुंदर-सुंदर आकृतियां बनाई एवं अपने विचारों को प्ले के माध्यम से प्रदर्शित किया। इसमें जानवर, फूल, चिड़िया, जंगल, समुद्र शामिल रहा। इस एक्टिविटी में बच्चों ने अपनी कल्पना शक्ति का बेहतरीन प्रदर्शन किया। शिक्षिकाओं ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। एक्टिविटी के निर्णायकों में सपना जेम्स एवं प्रियंका सिंह शामिल रहीं। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ आकृतियों का चयन किया। इसमें नर्सरी में मीनल लशाहे, अन्वी सिंह, अद्वृति सिंह, हरवीर सिंह चंडोक, घानिश पमनानी, अनाया दत्ता, काव्या यादव, अथर्व गुप्ता, एलकेजी में अंश अमोल पेड़ेगांवकर, शार्विल पांडेय, समीक्षा सिंह, रेयांश सिंह राजपूत, अनाया हरियाणी, अवीर जायसवाल, अक्षीत तोमर, सात्विक बंजारे, यूकेजी में शेख आकिब, आशी दुबे, आयुष वर्मा, माहिर जानी, मान्या शुक्ला, रितेयू शर्मा, वेन्या साहू, मीयांश साहू की आकृतियां शामिल रही।

बैठक

## बांगला अकादमी की मासिक साहित्य सभा का आयोजन



**बिलासपुर।** बांगला अकादमी द्वारा विनोबा नगर स्थित गोलदार निवास के सभा भवन में 232 तम साहित्य सभा का आयोजन किया गया। गीत, संगीत एवं कविता पाठ के माध्यम से सावन उत्सव के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ संस्थागत संगीत आमार भाषा तोमर भाषा से हुआ। इसके बाद अकादमी के अध्यक्ष नमिता घोष द्वारा सभी सदस्यों का अभिवादन किए, संगीत की प्रस्तुतियां अचिन्त्य कुमार बोस, प्रबाल मुखर्जी, मौमिता चक्रवर्ती, प्रतिमा पाल, अनिता गोलदार, नमिता घोष, मीनू दास, रीता कर्मकार, डॉ सोमनाथ मुखर्जी एवं रुपा राहा द्वारा किया गया। कविता पाठ की प्रस्तुतियां पार्थो सरकार,डॉ सोमनाथ मुखर्जी की हास्य व्यंग कविता, प्राकृत गोलदार, रुपा राहा, दीपिका विश्वास द्वारा किया गया। संचालन नमिता घोष द्वारा किया गया।

कार्यक्रम

## 18 साल बाद यादव समाज संयुक्त रूप से मनाएगा जन्माष्टमी महोत्सव



**बिलासपुर।** यादव समाज की जिला स्तरीय कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के आयोजन हेतु समाज के सभी वर्गों एवं संगठनों की संयुक्त बैठक बुधवार को लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में भगवान श्रीकृष्ण के तैलचित्र की पूजा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष जिला स्तरीय जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन यादव समाज द्वारा संयुक्त रूप से मनाया जाएगा। ज्ञात हो कि अभी तक विगत 18 वर्षों से बिलासपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर समाज के अलग-अलग संगठनों द्वारा अलग-अलग शोभायात्रा निकाली जाती रही है परंतु इस वर्ष सभी संगठन एकजुट होकर समाज को एकता के सूत्र में बांधने के लिए मिल कर आयोजन करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन समिति के पूर्व अध्यक्ष बुधराम यादव ने कहा कि यादव समाज द्वारा आयोजित भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का यह आयोजन समाज को एक नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। सर्व यादव समाज के जिलाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने बताया कि आगामी 16 अगस्त शनिवार को यादव समाज संयुक्त रूप से पीले वस्त्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाएगा। जिसमें पूरे जिले के यादव बंधुओं की उपस्थिति में आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर निकली भव्य शोभा यात्रा, निर्वाण लाडू का लगाया गया भोग

जैन समाज द्वारा बुधवार को 23 वें भगवान पार्श्वनाथ मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया, जैन समाज ने भगवान पार्श्वनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की और भगवान को निर्वाण लाडू का भोग चढ़ाया। इस अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जीवंत झांकी में कुबेर इंद्र, चौधरी चेतन, रागनी जैन, सौधर्म इंद्र, विशाल रेशु, जैन सारथी, सीमा जैन ने भाग लिया। भगवान पार्श्वनाथ मोक्ष कल्याणक महोत्सव के अवसर पर सरकंडा मंदिर में महामस्तकाभिषेक एवं निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर, महामुनिराज नवाचार्य 108 समयसागर महाराज, आर्यिका श्री 105 आदर्शमति माता, आर्यिका 105 दृढ़मति माता के सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न हुए। शोभा यात्रा सरकंडा मंदिर से निकली जो नूतन चौक होते हुए वापस सरकंडा मंदिर की पहुंची। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनोद जैन, सनत जैन, सुकमाल जैन, सुभाष श्रीश्रीमाल, श्रीकांत जैन, प्रवीण जैन, रेशू जैन, मनोज जैन, संदीप जैन, मनीष जैन, संजय जैन, विजय जैन, अनिल जैन, वीर कुमार जैन, जयकुमार जैन, सुरेंद्र मालू सहित जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

जैन समाज के लोग भगवान पार्श्वनाथ की विशेष पूजा और आराधना की, जिसमें शांतिधारा, जलाभिषेक और अन्य धार्मिक अनुष्ठान किया गया। इस अवसर पर जैन

### शांतिधारा, जलाभिषेक किया गया

समाज के लोग सामूहिक रूप से भक्ति करते हैं, निर्वाण लाडू भगवान पार्श्वनाथ को चढ़ाने के लिए विशेष रूप से बनाया जाता है।

### महोत्सव का महत्व

भगवान पार्श्वनाथ मोक्ष कल्याणक महोत्सव जैन धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो भगवान पार्श्वनाथ की मोक्ष प्राप्ति की याद में मनाया जाता है। यह पर्व जैन समाज के लोगों को भगवान पार्श्वनाथ के जीवन और उनके आदर्शों की याद दिलाता है और उन्हें अपने जीवन में धार्मिक और नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

सरकंडा मंदिर से निकली जीवंत झांकी



### जीवंत झांकियों के साथ निकली यात्रा

शोभा यात्रा में अष्ट मंगल, अष्ट प्रतिहार्य, 64 चंवर बालिका मंडल और सात कमल, रथ महिला मंडल और सखी ग्रुप,महिला मंडल सहित समाज के लोग उपस्थित थे। इस यात्रा में बैंड, बैनर, पंच रंगा झंडा और पाँच झंडे, धर्म चक्र, झांकी आर्कषण का केन्द्र थी। इसी तरह बच्चों ने जीवंत झांकी में कमठ मरुभूति सर्वार्थ वेदार्थ,वज्रघोष हाथी सर्प सात्विक हाथी अनोखी, स्वर्ग नरक शौर्य देव विद्यांशी रक्षिता देवी बनी, निवित्री शुभी संस्कार, अन्वी- नारकी बनी, अग्निवेग अजगर आर्या, अजगर और विराज मुनिराज बने थे।



## श्री शिवम के सावन उत्सव में महिलाओं ने पेश किए भजन



कविता में संजना, नृत्य में प्रगति को मिला पहला स्थान

बिलासपुर। श्री शिवम में चल रहे सावन उत्सव में ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने भक्तियमय प्रस्तुति दी। इस आयोजन की थीम ग्रीन साड़ी के साथ ग्रीन बैग थी। कविता में संजना और एकल नृत्य में प्रगति दुबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

श्री गणेश वंदना से श्री शिवम सावन की शुरुआत की गई। अतिथि पूर्व विप्स अध्यक्ष कीर्ति मिश्रा, शिव मंडी सिटी की ओनर नम्रता सिंह, रजनी गुप्ता, शारदा बाजपेयी और एड प्रयास की डायरेक्टर ममता पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलन किया। भजन-श्री गडराया जय गडराया गाए। मीनू दुबे और टीम ने भजन-श्रीमन नारायण नारायण हरि हरि... पेश किया। शशि तिवारी, प्रतिभा पांडेय, कृष्णा दुबे, रश्मि शुक्ला, सरला शर्मा, रश्मि लता मिश्रा, सुमन ने अपने-अपने गीतों की प्रस्तुति दी। सुलेखा शर्मा ने बन्ना रे.., पूर्णिमा मिश्रा ने आया सावन में.., आरोही ने रीमिक्स चूड़ी है ज़िद पे आई.., सीमा तिवारी ने साजन है अभी.., प्रगति पांडेय ने याद पिया की आने लगी भीगी भीगी राते में, प्रगति शर्मा ने मैंने चूड़ी है खनकाई, रोशनी दीक्षित ने सोने जैसा रंग मेराआदि गीत पेश कर माहौल बनाया। संजना, रश्मि लता, रोशनी और श्री शर्मा ने कविता की प्रस्तुति दी। सभी महिलाओं ने रैंप वॉक किया। उत्सव में सभी महिलाओं को कुमकुम एवं एड प्रयास की पहल मौली धागे बांधकर स्वागत किया गया। एंकर ईशान ने एंकरिंग की।

## हरिहर ऑक्सीजोन में मनाया गया सावन महोत्सव



महिलाओं ने गीत-संगीत गाकर लिया खेलकूद का आनंद

हरिहर ऑक्सीजोन सेंदरी में सावन महोत्सव एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें साल भर पर्यावरण के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

महिलाओं की खेलकूद, गीत-संगीत उपरांत अरपा के तट हरिहर परिक्षेत्र में वन भोज का आयोजन किया गया। समापन अरपा गंगा आरती कर की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अनिल टाह, डॉ एलसी मढ़रिया, चंदन गांगुली, सुषमा पांडेय, रेखा मदन मोहन गुल्ला गंगा प्रमोद साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हरिहर परिवार की महिलाओं, युवतियों एवं बच्चों ने भाग लिया। अंत में मुख्य अतिथि अनिल टाह संरक्षक सहित अन्य अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन भुवन वर्मा, डॉ शंकर यादव, शिव सारथी, ममता गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। पर्यावरण योद्धा सम्मान अजय रजक, संतोष चंद्रा, प्रमोद साहू एवं योगेश गुप्ता को उनके सराहनी योगदान के लिए प्रदान किया गया। प्रत्येक महिला सदस्य को गिफ्ट हरिहर ऑक्सीजोन की तरफ से दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हरिहर महिला विंग का सराहनीय योगदान रहा।

## पारंपारिक परिधान में महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव



लीनेस क्लब मेन ने सावन उत्सव कार्यक्रम अध्यक्ष गायत्री कश्यप के निवास स्थान तेलीपारा में आयोजित किया। सभी सदस्य पारंपारिक परिधान में सज संवर कर उपस्थित हुई। विभिन्न प्रकार के गेम खेले गए सभी ने सावन के गीत गाए, सावन सुंदरी शोभा त्रिपाठी गेम के माध्यम से चुनीं गई। क्वीन का ताज उन्हें वीणा अग्रवाल ने पहनाया सभी सदस्यों को अध्यक्ष गायत्री कश्यप ने उपहार दिया सबने झूले का आनंद लिया। इस अवसर पर वीणा अग्रवाल, शोभा त्रिपाठी, रश्मिलता मिश्रा, शोभा चाहिल, अर्चना तिवारी, सलमा बेगम, संतोष सराफ , ललिता कश्यप, मंजू तिवारी,हंसासेलारका , प्रमिला चोपड़ा, पूर्णिमा मिश्रा, चित्रलेखा कांसकार गायत्री कश्यप आदि उपस्थित रही।

## राजेश्वरी को सावन सुंदरी का खिताब मिला



शासकीय बुनियादी प्रशिक्षण संस्था में सावन सावन उत्सव मनाया गया, जिसमें राजेश्वरी को सावन सुंदरी का खिताब मिला। श्वेता मिंज द्वितीय एवं तृतीय न्यास मिश्रा एवं सुमन यादव रही।

स्पोर्ट्स न्यूज

## कुश्ती चैंपियनशिप में जीतने पर किया गया सम्मान



गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा दयालबंद में राष्ट्रीय गैपलिंग कुश्ती चैंपियनशिप में जीत हासिल करने करने वाले बच्चों को मोमेंटो द्वारा सम्मानित किया गया। इस चैंपियनशिप प्रतियोगिता की टीम कोच लक्ष्मी एवं टीम मैनेजर सरदार करमजीत सिंह को भी सम्मानित किया गया। जिसमें से सीरत कौर 6वाँ कालिंग सिल्वर मेडल, नवनीत कौर 8वां गोल्ड मेडल, कर्मदीप कौर 7वॉ गोल्ड मेडल, मनकीरत कौर ब्रोंज, हर सिमरकौर 1 सिल्वर मेडल, आलमप्रीत सिंह 5वां सिल्वर, रणवीर बाबा फिफ्थ ब्रोंज, मनमीत सिंह सिक्स्थ सिल्वर, सुहाग प्रीत सिंह 9वां एम सिल्वर, एक मजोत कौर 8वां एप ब्राउन, एकंन प्रीत सिंह4वां हरसिमरत कौर, तरनप्रीत कौर ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया।

# खिलाड़ी सिर्फ हारता या जीतता नहीं बल्कि एक दूसरे से जुड़ता भी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्पेशल ओलंपिक भारत एवं अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय प्रतियोगिता बोच्ची महिला-पुरुष का आयोजन किया गया, प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल द्वारा चैंपियनशिप का उद्घाटन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर एच एस होता, डॉक्टर के के शर्मा, विजय अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, कुलसचिव भुवन सिंह राज रहें।

नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के समावेशी आयोजन में शामिल होने के लिए आग्रह किया। इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके एवं बच्चों की प्रतिभा को निखार कर उनमें आत्मविश्वास बढ़ाया जा सके। इसके लिए खेल सबसे अच्छा माध्यम होता है, जिसमें खिलाड़ी सिर्फ हारता या जीतता नहीं बल्कि एक दूसरे के साथ जुड़ता भी है। बौद्धिक रूप से दिव्यांग खिलाड़ियों ने 5 दिनों तक शहर के पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के प्रांगण में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रदर्शित किया। खिलाड़ियों के लिए हेल्थ चेकअप, डेंटल चेकअप शिविर का भी आयोजन किया गया। डॉ एच एस होता ने कहा कि यह बच्चे ईश्वर की अनुपम कृति है ऐसे बच्चों के खेलों का आयोजन हमारे विश्वविद्यालय में होते रहना चाहिए।

बोर्ड मेंबर एसओबी नेशनल स्पोर्ट्स एक्सपर्ट सी राजशेखर, ऑफिशल अभिषेक कुमार, भारतीय खेल प्राधिकरण देवेंद्र, उपस्थित हुए। कैंप इंचार्ज कविता पुजारा ने सभी का अभिनंदन किया, इस कार्यक्रम में अहम भूमिका ऑफिशियल के रूप में यीतेश साहू, रवि जैन, परिवेश ठाकुर, राघवेंद्र सिंह, सौम्या तिवारी, अक्षत शर्मा, शिवम् साव,मौसमी ठाकुर,चंचला पटेल रवि जैन ने इस कार्यक्रम का सफल संचालन किया।





**इन्होंने बनाई जगह :** डिवीजन अंडर 15 यूनिफाइड सीनियर कैटेगरी में पहला स्थान छत्तीसगढ़ से सिमरन पुजारा और सौम्या तिवारी को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। झारखण्ड से तीसरा स्थान सुलेखा कुमारी और रौशन जहान ने प्राप्त किया, पांडिचेरी से राज्यश्री और राबियाथुल बासिरिया ने प्राप्त किया। डिवीजन एफ 1 सब जूनियर कैटेगरी से पहला स्थान राजस्थान से रचित, दूसरा स्थान हिमाचल प्रदेश से रितिका और तीसरा स्थान छत्तीसगढ़ की दिशा ने प्राप्त किया। डिवीजन एम 1 सब जूनियर केटेगरी से पहला स्थान उत्तर प्रदेश से दर्पण सिंह, दूसरा स्थान महाराष्ट्र से नील पाटिल, तीसरा स्थान बिहार से शिवम ने प्राप्त किया। डिविजन एम 6 जूनियर कैटेगरी से पहला स्थान झारखंड से तन्मय तिवारी, वेस्ट बेंगल से सोमोब्रता दास और तीसरा स्थान उत्तराखंड से अभिजीत धार ने प्राप्त किया।डिवीजन एम 10 सीनियर केटेगरी से पहला स्थान जयंत शर्मा, दूसरा स्थान उत्तराखंड से पंकज और तीसरा स्थान छत्तीसगढ़ से अक्षत साहू ने प्राप्त किया। एम 14 एम में वेस्ट बंगाल के सौविक दास ने स्वर्ण, गुजरात के पांचाल जीत अतुल भाई ने रजत एवं एनटीपीसी बिलासपुर के वेदअंश व्यास ने 1 कांस्य पदक अपने नाम किया।

### 5 दिनों तक खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन

राष्ट्रीय प्रतियोगिता बोच्ची खेल में भारत से 22 राज्यों के 250 एथलीट कोच 50 वालंटियर 20 रिसोर्स पर्सन ने भाग लिया, मानसिक दिव्यांग खिलाड़ियों ने 5 दिनों तक शहर के पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के प्रांगण में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रदर्शित किया। खिलाड़ियों के लिए पोषण आहार परामर्श, हेल्थ चेकअप, डेंटल चेकअप के शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें शहर के अनुभवी विशेषज्ञों एवं न्यू हिरॉईजन डेंटल कॉलेज के डॉक्टर की टीम द्वारा अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान की।

## खबर संक्षेप

### राम जानकी छोटे मंदिर में रामनाम सप्ताह यज्ञ का शुभारंभ



**तखतपुर।** अखण्ड रामनाम सप्ताह की शुरूआत राम जानकी छोटे मंदिर में भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना के साथ से प्रारंभ हुआ। समापन 6 अगस्त को होगा। इस रामनाम सप्ताह यज्ञ में आसपास ही नही वरन दूर दूर से भजन मण्डली पहुंचती है तखतपुर, मुंगेली, पंडरिया, पथरिया, कोटा, लोरमी आदि के क्षेत्र के गांव के टोलियो को राम नाम सप्ताह में राम कीर्तन करने हेतु आमंत्रित किया गया है। 6 अगस्त को दोपहर 1 बजे से बृहद रूप से राम नाम की टोलियो के द्वारा जुलूस तखतपुर नगर में निकाला जाएगा। टोलिया में प्रथम,द्वितिय, तृतीय, व सभी टोलियो के लिए सांत्वना पुरस्कार रखा गया है।

### सड़क हादसे रोकने मवेशियों के गले में पहनाए गए रेडियम के पट्टे



**सरगांव।** सड़कों पर बैठे आवारा मवेशियों की वजह से आए दिन भीषण सड़क हादसे हो जाते हैं। इन हादसों में वाहन सवारों के साथ ही गौवंश भी गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं, कई बार हादसों में वाहन सवारों एवं मवेशियों की मौत भी जाती है। ऐसे में सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से बुधवार को नगर पंचायत सरगांव और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सरगांव थाना प्रभारी संतोष शर्मा और उनकी टीम ने नपं सीएमओ घनश्याम शर्मा के साथ व टीम के साथ गौवंशों के गले में रेडियम का पट्टा बांधा। साथ ही के रोड पर घूम रहे आवारा पशुओं को नगर स्थित गौठान में शिफ्ट किया गया। नगर पंचायत सरगांव से नेशनल हाईवे गुजरती है, विगत कुछ दिनों से नेशनल हाईवे पर हादसों के कारण लोगों तथा गौवंशों की मौत हो चुकी हैं। शायद ऐसा करने से सड़क दुर्घटना में थोड़ी कमी लाई जा सकती है। साल 2025 में सड़कों पर बैठे मवेशियों की वजह से कई सड़क हादसे हुए हैं।

### प्रीति बनी युवक कांग्रेस की राष्ट्रीय संयुक्त सचिव

**पेंड्रा।** मरवाही विधानसभा क्षेत्र के गांगपुर गांव की प्रीति मांझी को युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से जिले में खुशी की लहर है। प्रीति वर्तमान में राहुल गांधी की टीम 'इंदिरा फेलोशिप' में कार्यरत हैं। प्रीति मांझी सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रही हैं, वे राहुल गांधी की कोर टीम का हिस्सा मानी जाती हैं। उनकी मेहनत, लगन और जमीनी पकड़ को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मरवाही के पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव, मनोज गुप्ता, अर्चना पोर्ते, विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, अमोल पाठक, शंकर कंवर, संतोष ठाकुर, रियांश सोनी, रवि राय और शिवू दुबे सहित जिले के जनप्रतिनिधियों ने प्रीति मांझी को बधाई दी। प्रीति की इस उपलब्धि को मरवाही क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत माना जा रहा है।




### नदी में मिली 4 दिन से लापता बुजुर्ग की लाश, जांच जारी

**लोरमी।** रहन नदी के रपटा में एक बुजुर्ग की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। लाश की शिनाख्त कराने के बाद पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार जरहागाव थाना क्षेत्र अंतर्गत सुबह 10 बजे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया कि पचराही एवं घुंटूकापा रहन नदी रपटा में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश रपटा के नीचे क्षत विक्षत हालत में फंसी है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल घटना स्थल पहुंच कर लाश को बाहर निकलवाया एवं लाश की शिनाख्त कराई गई। शिनाख्त में मृतक की पहचान लोरमी के ग्राम मोहतराकुर्मी निवासी बिपत कश्यप 85 साल पिता रघुनंदन कश्यप के रूप में की गई। इसके बाद मृतक का पुत्र घटना स्थल पहुंचा एवं अपने पिता की लाश होने की पुष्टि की। पुलिस ने बताया कि 26 जुलाई को शाम 5 बजे खेत का निपटाने के बाद मृतक शौच के लिए घर के सामने रहन नदी के पास गया था, उसी दौरान नदी में बाढ़ के चपेट में आकर तेज बहाव में बह गया।




## निधन

### राजेंद्र नाथानी



**बिलासपुर।** राजेंद्र नगर चौक घसियापारा स्कूल के पास रहने वाले डाः राजेंद्र नाथानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 जुलाई को दोपहर 1 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्वः झामनदास नाथानी के पुत्र एवं डाः पीयूष, डा. रोहित के पिता थे।

### प्रिंसी शर्मा



**जरहागांव।** सेमरचुआ के प्रतिष्ठित नागरिक शिव प्रसाद शर्मा की पोती प्रिंसी शर्मा का 18 साल की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।वे नरेंद्र शर्मा की बेटी तथा दानेश शर्मा की दीदी थीं।

## शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए उच्च शिक्षा विभाग का आदेश पहुंचा

# शासकीय कालेजों में रिक्त प्राध्यापकों की जगह पर रखे जाएंगे अतिथि व्याख्याता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय कालेजों में जहां भी प्राध्यापकों की कमी है वहां अध्यापन कार्य के दृष्टि से अतिथि व्याख्याता रखे जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शासकीय कालेजों में रिक्त प्राध्यापकों के पदों पर अतिथि व्याख्याताओं को रखें जाने के संबंध में आदेश जारी किया है। इसमें अतिथि व्याख्याता नीति का पालन करना होगा।

कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया अंतिम की ओर है उसके बाद अध्ययन-अध्यापन कार्य चालू हो जाएगा। बहुत से शासकीय कालेजों में प्राध्यापकों की कमी है, इसलिए वहां अध्यापन कार्य प्रभावित न होने पाए तथा अध्यापन कार्य सुचारू रूप से संचालन के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शासकीय कालेजों में अतिथि व्याख्याता रखे जाने निर्देश जारी किया है। इसमें शासन द्वारा बनाई गई अतिथि व्याख्याता नीति एवं मापदण्डों के अनुसार ही अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति करने कहा गया है। शासकीय कालेजों में प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक सहित ग्रंथपाल एवं क्रीड़ाधिकारियों के नियमित पद रिक्त होने के कारण कालेजों के छात्र-छात्राओं का अध्यापन, प्रायोगिक, खेलकूद, पुस्तकालय एवं अन्य कार्य प्रभावित होता है। इसलिए तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल एवं अतिथि क्रीड़ाधिकारी की व्यवस्था की जाती है। इसलिए राज्य शासन ने इसके लिए अतिथि व्याख्याता नीति बनाई है और इसी नीति में दिए गए मापदण्डों का पालन करते हुए अतिथि व्याख्याता एवं अन्य पदों पर नियुक्ति किया जाना है।




### नीति का किया जाएगा पालन

शासकीय कालेजों में जहां प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक के पद रिक्त हैं वहां इस शैक्षणिक सत्र अतिथि व्याख्याता रखे जाएंगे। कालेजों में अध्यापन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने अतिथि व्याख्याताओं की व्यवस्था के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इसमें अतिथि व्याख्याता नीति का पालन किया जाएगा।

**-प्रवीण पांडेय**
क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा

### समिति करेगी अतिथि व्याख्याता का चयन

अतिथि व्याख्याता नीति तहत अतिथि व्याख्याता चयन के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। इसमें तीन-चार सदस्य रहेंगे, जिसमें यूनिवर्सिटी अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष एवं कालेजों के प्राचार्य, वरिष्ठतम शिक्षक अध्यक्ष होंगे। एक सदस्य अनुसूचित जाति, जनजाति एवं एक सदस्य महिला वर्ग से शामिल किए जाएंगे। चयन के लिए अर्हता संबंधित विषय में पीएचडी, नेट, सेट परीक्षा उत्तीर्ण, संबंधित विषय में एमफिल एवं यूजीसी के मापदण्ड अनुरूप स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम निर्धारित अंक कम से कम 55 प्रतिशत होना चाहिए।

### ऐसे होगा मेरिट के लिए अंकों का निर्धारण

अतिथि व्याख्याताओं के लिए मेरिट के लिए अंकों का निर्धारण इस तरह होगा। मेरिट लिस्ट बनाने के लिए अधिकतम 145 अंक होंगे। इसके मापदण्डों के अनुसार पीएचडी के लिए 25 अंक, नेट, सेट के लिए 20 अंक, एमफिल के लिए 5 अंक निर्धारित रहेगा। स्नातकोत्तर स्तर पर 50 मेरिट अंक, 55 के लिए 5 अंक, 56 से 100 प्रत्येक एक प्रतिशत के लिए एक अंक दिया जाएगा। इसी तरह अनुभव के लिए एक शैक्षणिक सत्र में 5 अंक, शासकीय कालेज में अतिथि व्याख्याता के रूप में अध्यापन अनुभव के लिए 30 मेरिट अंक, अनुसूचित जाति-जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 5-5 अंक, दिव्यांगजन एवं तृतीय लिंग के लिए 5-5 अंक होगा।



महाकाल की सवारी में शामिल ग्रामीण।

## महाकाल की सवारी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मुंगेली।** ग्राम कोदवाबानी में भगवान श्री महाकाल की सवारी अप्रतिम उत्साह और भक्ति के चरम रूप में निकाली गई। यह भव्य सवारी भगवान के तीन दिव्य स्वरूपों चंद्रमौलेश्वर, मनमहेश और शिव तांडव में ग्राम भ्रमण पर निकली। जिसने श्रद्धालुओं के लिए एक अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया।

बाबा महाकाल के दर्शन और उनके भव्य रूप को निहारने के लिए आसपास के गांवों से जनसैलाब उमड़ पड़ा। सवारी का शुभारंभ शिव मंदिर शिवशक्ति बाजारपारा से हुआ। जहां सर्वप्रथम भगवान महाकालेश्वर का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इस पूजन के उपरांत भगवान महाकालेश्वर अपनी पालकी में विराजित होकर डीजे, गाजे-बाजे में ग्राम भ्रमण के लिए निकले। उनके पीछे झाँकी स्वरूप मनमहेश स्वरूप और गरुड़ पर शिव तांडव, काली स्वरूप आकर्षण की केंद्र रहा, जो पूरे मार्ग में आस्था का आलोक बिखेरते हुए आगे बढ़ रहे थे। ग्यारहवीं शताब्दी के राजा भोज ने इस परंपरा को बड़े रूप में शुरू किया था। उन्होंने इस जुलूस में कई नए कलाकारों और संगीतकारों को शामिल किया था। श्रद्धालुओं इस भव्य रथयात्रा में शामिल होते हैं और महाकाल के जयकारे लगाते हैं। महाकाल की एक झलक पाने के लिए भक्तों की भारी भीड़ रहा। इस तरह पूरे गांव भक्तिमय वातावरण व उमंग उत्साह में दिखाई दिए। इस आयोजन में प्रिंस दादवानी की झाँकी ने श्रद्धालुओं के मन मोह लिया। ग्राम पंचायत कोदवाबानी व ग्रामवासियों तथा शिवभक्तों की विशेष सहयोग रहा।

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

### 15 दिनों की दी मोहलत, उसके बाद आंदोलन की चेतावनी

**मुंगेली।** पड़ाव चौक से लोरमी रोड बायपास पिछले कई वर्षो से अत्यंत खराब स्थिति में है। सड़क की खराब स्थिति को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा जिला मुख्यालय में अधिकारियों को ज्ञापन देकर सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है। 15 दिनों के भीतर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो युवा कांग्रेस द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत जाएगी।



सड़क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन देते युवा कांग्रेसी

नगर की सड़कों का हाल बेहाल है। पड़ाव चौक से लोरमी बायपास सड़क की जर्जर स्थिति, सेंट जेवियर्स स्कूल से चातरखार पण्डरिया रोड की गड्ढ़ेयुक्त सड़क से क्षेत्र की आम जनता, स्कूली बच्चों, व्यापारी वर्ग और ग्रामीण यात्री सभी परेशान है। इसकी दुर्दशा किसी भी प्रकार से नगर की गरिमा के अनुकूल नही है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारा दिए गए ज्ञापन के अनुसार इस मार्ग की स्थिति सुधारने हेतु 15 से 20 बार नाप-जोख की गई। शासन द्वारा कई बैठकों का आयोजन भी किया गया है, परंतु आज दिनांक तक कोई ठोस और स्थायी कार्यवाही नहीं हो सकी है। इस दौरान इस मार्ग पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें जनहानि भी हुई है। बार-बार की मरम्मत पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं, किंतु वह सिर्फ अस्थायी समाधान साबित हुए हैं। सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि दो भारी वाहन एक साथ नहीं निकल सकते। यह मार्ग भारी वाहनों के भार सहने में भी सक्षम नहीं रह गया है। जिसको लेकर युवा कांग्रेस मुंगेली शासन से मांग की है। इस सड़क के चौड़ीकरण एवं पुर्ननिर्माण कार्य को अविलंब प्रारंभ किया जाएं। कार्य प्रारंभ की स्पष्ट समय सीमा तय कर जनमानस के बीच सार्वजनिक की जाएं। यदि कोई प्रशासनिक बाधा या तकनीकी विलंब है, तो उसकी जानकारी दी जाएं। यदि आगामी 15 दिनों के भीतर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो युवा कांग्रेस द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत जाएगी तथा जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इसके लिए समस्त जवाबदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौपने वालों मे युवा कांग्रेस राजेश छेदईया, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी कांत भास्कर, अभिलाष सिंह, अलीम मिर्जा, हरीश साहू, नानू ठाकुर, योगेश्वर सिंह, सागर सोनी, पोखराज बंजारे, आयुष ठाकुर, अनीता विश्वकर्मा, अजय यादव, मंतराम यादव, सागर सोनी, मनीष साहू, नैनदास, सोनू मनहर, वीरेंद्र यादव, अजय गर्ग, देव साहू सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तुलसीदास की जयंती पर कार्यक्रम आज

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ ब्राह्मण विकास परिषद के द्वारा 31 जुलाई श्रवण शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि को गोस्वामी तुलसीदास का जन्म दिवस पर बेलसरी नाका पेट्रोल पंप के पास भगवान परशुराम भवन में दोपहर 2 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ ब्राह्मण विकास परिषद अध्यक्ष एवं सचिव ने दी।

### संगठन सृजन के तहत कांग्रेस की बैठक आज

**तखतपुर।** प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संगठन सृजन के तहत संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने मंडल एवं सेक्टर कमेटी गठन के संबंध में बैठक 31 जुलाई को दोपहर 2 बजे नगर कांग्रेस कमेटी तखतपुर कार्यालय में बैठक रखी गई है। यह जानकारी नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन ने दी।

## संयुक्त शिक्षक संघ ने बीईओ को सौंपा मांगपत्र



**सरगांव।** संयुक्त शिक्षक संघ के पथरिया सदस्यों ने नव पदस्थ बीईओ डॉ प्रतिभा मंडलोई से संगठनात्मक मुलाकात कर उन्हें भारतीय संविधान की उद्देशिका और इतिहास की मुआयना नामक पुस्तक भेंट की एवं पुष्पगुच्छ के माध्यम से सम्मानित किया।

इस अवसर पर संगठन ने शिक्षको की समस्याएं जैसे, समयमान वेतनमान, लंबित एरियर्स ,आगंतुक पंजी, लोक सेवा गारंटी, परामर्शदात्री समिति बैठक, सर्विस बुक संधारण, जीपीएफ पासबुक संधारण, वेतन गणना पत्रक, शिक्षक पुरस्कार हेतु समिति गठन, ब्लॉक स्तरीय पीएलसी गठन, संकुल समन्वयकों को अर्जित अवकाश सहित 17 बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपा। इस पर बीईओ ने सकारात्मक आश्वासन दिया और मांगों के जल्द पूर्ण होने की बात कही। मांगपत्र में शामिल एक विषय प्रधानपाठक को 1 लाख 74 हजार 762 रुपए का भुगतान बीईओ कार्यालय की ओर से किया गया, जिसकी संगठन ने तारीफ की। बीईओ मंडलोई ने संगठन के सभी मुद्दों को गंभीरता पूर्वक पूर्ण करने का आश्वासन दिया, साथ ही शिक्षकों से पढ़ाई में गुणवत्ता लाने व ब्लॉक में 90 प्लस के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजेन्द्र ठाकुर, मोहन लहरी, सुरेंद्र लहरे, लक्ष्मीकांत जडेजा, नारायणी कश्यप, बलजीत सिंह कांत, शिव कौशिक, जाकिर हुसैन, ममता दर्शन, सीता साहू, नफीस खानम, प्रवीण कोशले, जितेंद्र गेंदले, प्रभात बंजारे, राजेश बंजारे, ओंकार पात्रे, देव प्रधान, रूपेंद्र जोल्हे, परमेश्वर देवांगन, धनीराम पात्रे, वैद्यनाथ तम्बोली, रोहित मोहले सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## कांग्रेस को और मजबूत करने मंडल सेक्टर समिति का होगा गठन

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के निर्देश अनुसार जमीनी स्तर में कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने मंडल एवं सेक्टर कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाना है। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस तारतम्य में बेलतरा ब्लॉक कांग्रेस की बैठक ग्राम सेमरताल में हुई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केसरवानी ने सेक्टर एवं मंडल कांग्रेस कमेटी गठन की प्रक्रिया एवं उद्वेश्यों को बताया। प्रदेश कांग्रेस से नियुक्त ब्लॉक प्रभारी जगदीश कौशिक ने कहा कि पूरी निष्ठा व ईमानदारी से मण्डल व सेक्टर गठन में कार्य करें। बैठक को ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष झगर राम सूर्यवंशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अंकित गौरहा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष साखन दर्वे ने भी संबोधित किया। सेमरताल के बैठक आशीष शर्मा रूपनारायण बच्छ, मोहन श्रीवास, मुकेश साहू ,अंजू सोनी, विनय शुक्ला, पुरूषोतम सिंह, अशोक सूर्यवंशी, सुखदेव साहू, कुंवर सिंह धुरी, अनिरूद्ध वर्मा, जनक भारती, ध्रुव साहू, शंकर लाल, चौथराम भारद्वाज, त्रिभुवन रात्रे, त्रिलोकी वर्मा, नवल किशोर, प्रदीप साहू, यदुनंदन कौशिक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे। बैठक में सेक्टर 1 के लिए साखन दर्वे, मोहन श्रीवास। सेक्टर 2 के लिए राजेंद्र साहू (डब्बू) सचिन धीवर। सेक्टर 3 के लिए अनिल यादव, सुखदेव साहू। सेक्टर 4 के लिए अंकित गौरहा, उदल सूर्यवंशी। सेक्टर 5 के लिए यदु नंदन कौशिक, गोला वर्मा। सेक्टर 6 के लिए रूपनारायण बच्छ, मदन पांडे को सेक्टर कमेटी के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया।

## गुरुकुल स्कूल में विद्यालय अध्यक्ष का मनोनयन



**तखतपुर।** गुरूकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन डायरेक्टर अवधेश सिंह ठाकुर एवं प्राचार्य अरविंद कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार किया गया।

प्राचार्य अरविंद पाण्डेय ने कहा कि विद्यालय के व्यवस्थित संचालन हेतू छात्र छात्रों का सहयोग लिया जा रहा है और इसी कड़ी में छात्रों के बीच से पदाधिकारी बनाया गया है इसके दो फायदे होंगे एक तो छात्रों में नेतृत्व की भावना आएेगी तथा आपसी सहयोग के साथ सभी कार्य करेंगे। अध्यक्ष आकांक्षा मनहर उपाध्यक्ष अंकिता महादेवा, वैभव सिंह,धीरज पटेल, भावना देवांगन, सचिव शिवम तिवारी, सांस्कृतिक प्रमुख दामिनी , गणित प्रमुख -पल्लवी श्रीवास, विज्ञान प्रमुख तारणीकला चतुर्वेदी, तथा अन्य पदाधिकारी रिद्धिमा साहू, भूमि देवांगन, एकाक्ष मिश्रा, विशाल देवांगन, अभय सिंह,काजल देवांगन, आंनद कौशिक, कविता साहू, दुर्गेश साहू, आदित्य बंजारे,आशिष निर्मलकर,आशिष कौशिक आदि को बनाया गया। नव नियुक्त विद्यालय अध्यक्ष आंकाक्षा मनहर ने कहा कि मैं अपने पद के साथ शत प्रतिशत न्याय करूंगी और समस्त पदाधिकारियों के साथ मिलकर विद्यालय के अनुशासन के अनुरूप कार्य करते हुए डायरेक्टर एवं प्राचार्य के सहयोग से पूर्ण करेंगे।

## सीआरपीएफ की ट्रेनिंग पूरी कर पहली बार गांव पहुंचे अभिषेक का स्वागत

**सीपत।** जुहली गांव के युवा अभिषेक सिंह ने अपने बुलंद हौसले और मेहनत से सीआरपीएफ में चयन पाकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नीमच मध्यप्रदेश से 6 माह की कठोर सीआरपीएफ की ट्रेनिंग पूरी कर पहली बार अपने गांव लौटने पर अभिषेक का भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ तिरंगा रैली निकाल कर आतिशबाजी कर उनका स्वागत किया। अभिषेक सिंह जुहली सरपंच चन्देश्वरी त्रिभुवन पोरते के सुपुत्र हैं। स्वागत समारोह में सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी, एएसआई भरत मरकाम, जनपद सदस्य भागीरथी पोरते, सरपंच चन्देश्वरी त्रिभुवन पोरते, समाजसेवी रमिन सिंह, गिरधारी यादव, महिला कमांडो टीम, और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। महिला कमांडो ने अभिषेक सिंह को पारंपरिक गमछा, नारियल व भारत माता का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में मंच से ग्रामवासियों, आगंतुक अधिकारियों, महिला कमांडो टीम, और सभी सहयोगियों का हृदय से आभार जताया गया।



## शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा शासन ने दिया बेदखल करने आदेश

**तखतपुर।** ग्राम मोछ के हाईस्कूल से लगी हुई शासकीय भूमि पर ग्राम के ही रमाकांत सिंगरौल पिता गुहाराम सिंगरौल के द्वारा अवैध कब्जा कर मकान निर्माण किया जा रहा था। उक्त संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर हल्का पटवारी से शिकायत के संबंध में मौका जांच कराई गई । हल्का पटवारी ग्राम मोछ के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया कि ग्राम मोछ के शासकीय भूमि पर अनावेदक के द्वारा 0.0080हे. पर मकान बनाकर बेजा कब्जा किया है। कब्जे दार से जवाब प्राप्त कर प्रकरण का अवलोकन किया गया तथा आदेश पारित कर रमांकात सिंगरौल के विरूद्ध शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर उसके विरूद्ध शासकीय भूमि पर से बेदखल करने का आदेश पारित किया गया। 28 जुलाई को मौके से अनावेदक का बेजा कब्जा हटाकर दखल कब्जा सरपंच मोछ को सौंपा गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मोछ निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति 1.20 करोड़ प्राप्त हो चुकी है। ग्राम मोछ में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला निर्माण हेतु विधायक तखतपुर के द्वारा 9 दिसंबर को बीज और खाद भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में स्वीकृत राशि की अनुशंसा की गई। तहसीलदार पंकज के द्वारा कहा गया कि तखतपुर तहसील में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### आम सूचना

क्र./क/रा.नि./20
ग्राम जरौंधा/ दिनांक- 30/07/25

(1) अर्चना पॉल पति नरेन्द्र पॉल भूमि स्वामी (2) अजीत शुक्ला पिता जे.एल. शुक्ला सह खातेदार एवं समीपस्थ भूमि स्वामी (3)सुवेन्द्र कर ग्राम कोरबा

**विषयः-** सीमांकन जाँच में उपस्थिति बाबत्।

**सन्दर्भः-** श्रीमान न्यायालय तहसीलदार तखतपुर जिला- बिलासपुर ज्ञापन क्र./वा/तह./2025 तखतपुर दिनांक- 23/05/25

उपरोक्त संदर्भित विषयांतर्गत लेख है कि आवेदिका अर्चना पॉल पति नरेन्द्र पॉल जाति ईसाई निवासी लिंगियाडीह बिलासपुर के द्वारा ग्राम जरौंधा प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. जरौंधा जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 1780/4 रकबा 0.105 हे./ए. भूमि का सीमांकन किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। उक्त संबंध में श्रीमान नायब तहसीलदार के आदेश के परिपालन में उक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 05/08/25 को दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक राजस्व दल द्वारा किया जायेगा।

अतः आवेदिका समस्त हितबद्ध पक्षकारों समस्त समीपी भूमि स्वामियों को व ग्राम के आम नागरिकों को उक्त सीमांकन के संबंध में लिखित/मौखिक/दूरभाष के माध्यम से सूचित किया जाता है। आप नियत तिथि को भूमि संबंधी दस्तावेज साहित ग्राम जरौंधा में उपस्थित रहें, बाद में आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

आवेदक सीमांकन हेतु चुना/खंभा एवं मजदूर तथा पीने के पानी की व्यवस्था स्वयं करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**तह. तखतपुर**
**जिला बिलासपुर छ.ग.**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बिसाहिन कौशिक (पुराना नाम) पिता श्री मुरारी कौशिक जन्म तिथि 1/1/1987 निवासी हाउस नंबर 106 कुर्मी पारा वार्ड नंबर 6 बिटकुली पोस्ट बिटकुली तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ पिन कोड 495224 को बदलकर नया नाम ममता कौशिक पति श्री मनोज कुमार कौशिक रख लिया हूं। मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों में (जैसे– शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक बचत खाता, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता कार्ड आदि) मेरा नाम ममता कौशिक उल्लेख है। अत: भविष्य में मुझे ममता कौशिक नया नाम से जाना पहचाना जावेगा।

**नाम - ममता कौशिक**
**पता - वार्ड क्रमांक 6 बिटकुली पोस्ट बिटकुली तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़**
**पिन कोड - 495224**
**मो.नं - 6267077394**

### आम सूचना

मैं. श्रीमती अजिता खरे अधिवक्ता, गायत्री देवी पिता स्व. मुकुन्दा, पति स्व. ज्ञानी राव अम्बादे से अधिकृत होकर आम सूचना जाहिर करती हूँ। यह कि, मोहल्ला चांटापारा मगरपारा, शीट नं. 16, प्लाट नं. 47/4, रकबा 980 वर्ग फुट खुली भूमि स्थित है । उपरोक्त भूमि के हक एवं स्वामित्व के प्राप्ति हेतु माननीय न्यायालय श्रीमान दशम जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.) के न्यायालय में प्रकरण लम्बित है। विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ कि, प्रकरण क्र. 13/23 गायत्री देवी वगैरह बनाम वृन्दराज वगैरह प्रकरण लंबित है, जिसे प्रतिवादी वृन्दराज वगैरह के द्वारा बिक्री करने का प्रयास किया जा रहा है।

अत: समस्त आज जनता को सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त भूमि की खरीदी–बिक्री कोई करता है, तो वह स्वयं इसके लिये जिम्मेदार होगा, और वह खरीदी–बिक्री शून्य माना जावेगा। सो आम सूचना जानें।

**भवदीय**
**श्रीमती अजिता खरे, अधिवक्ता**
**अशोक नगर, डी.पी.लॉ कालेज के बगल से, फ्लेट नं. 503, शिवाय हर्ष किंगडम अपार्टमेंट, बिलासपुर (छ.ग.) मो.नं. 9752378262**

### आम सूचना

सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है, कि मौ.जा. तिफरा पटवारी हल्का न. 40 रा.नि. मण्डल बिलासपुर पटवारी खसरा न. 368/5/ ग वार्ड न.09 रायपुर मेन रोड तिफरा से 30 मीटर अन्दर स्थित भूमि जिसकी 3.50 डिसमिल भूमि जिसकी चौहद्दी पूर्व में जानकी बाई, पश्चिम में प्यारे, एवं रामेश्वर, उत्तर में लक्ष्मीन बाई का मकान एवं दक्षिण में उपकार की भूमि स्थित है, जो कि राजस्व रिकार्ड में श्री हीरा दास मानिकपुरी के नाम पर दर्ज है जो कि उक्त भूमि 3.50 डिसमिल भूमि में 633 वर्गफुट में छपरापोश मकान को भूमि सहित विक्रय करने का अनुबन्ध मेरे पक्षकार क्रेता अंजनी देवी गुप्ता पति श्री रामकुमार गुप्ता के साथ रू. 30,00,000/– (तीस लाख रूपये) में विक्रय करने का पक्का सौदा किया जिसमें से चेक एवं RTGS के माध्यम से समय–समय पर रू. 12,50,000/– (बारह लाख पचास हजार रूपए) क्रेता द्वारा विक्रेता को प्रदान किया गया, जिसका निकटम भविष्य में रजिस्ट्री की जानी है।

यदि किसी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय, सरकारी एवं गैर सरकारी एवं राजस्व विभाग अथवा थाना को कोई भी आपत्ति हो तो उक्त प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर वैध दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें रजिस्ट्री के पश्चात किया गया दावापत्ति अमान्य होगा उक्त सूचना प्रेषित।
दिनांक : .....

**भवदीय**
**उपासना गुप्ता, अधिवक्ता**
**छ.ग. उच्च न्यायालय**
**बिलासपुर छ.ग. मो न. 7000951055**

## खबर संक्षेप

### गणवेश पाकर खिले बच्चों के चेहरे



**लोरमी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरसल में शाला प्रबंधन समिति के संरक्षक गोविंद साहू, सरपंच राजकुमार अनंत, प्रधानपाठक आत्माराम कश्यप व दुर्जन कश्यप ने बच्चों को गणवेश का वितरण किया। इस अवसर पर नए गणवेश पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। ज्ञात हो कि सैनिक, पुलिस अधिकारी, डॉक्टर, नर्सेस, अधिवक्ता सबका एक व्यवसायिक परिधान होता है जो उसे विशिष्ट पहचान दिलाता है वैसे ही प्रत्येक बच्चों को ड्रेस पहनकर अपने पढ़ाई और अच्छे भविष्य बनाने की सजगता का एहसास भी होता है। बारी-बारी से बच्चों को कक्षा अनुसार गणेश का वितरण किया गया। इस मौके पर शिक्षक राकेश पांडेय, उमाशंकर सिंह राजपूत, पुष्पा चतुर्वेदी, प्रधानपाठक आरती गुप्ता, स्मिता सिंह क्षत्रि, ललिता शर्मा, स्वतंत्र कुमार ध्रुव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### रुद्राभिषेक में पत्नी के साथ शामिल हुए शुक्ला



**दगोरी।** भगवान भोलेनाथ की पावन नगरी व ऐतिहासिक विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल देवरानी-जेठानी मंदिर तालागांव में श्रावण माह शुक्ल पक्ष की षष्ठी को स्वयंभू महादेव का रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। आयोजन में बिलासपुर कृषि उपज मंडी पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला अपनी पत्नि जिपं सदस्य अनिता शुक्ला के साथ शामिल हुए एवं पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। महंत महेश गिरी जी महराज ने पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष बजरंग गोस्वामी, समाज सेवी गंगा निर्मल कर, दशरथ सन्नाट, मुन्ना कौशिक, सरपंच रूप कुंवर निषाद, शिवराम निषाद, कृष्ण चंद्र महापात्र, उप सरपंच संतोषी, देवेंद्र निषाद, फागुराम, आशाराम, केवल, साधेराम, जनक गिरी, मुकेश, कैलाश ध्रुव, रागिनी गोस्वामी, गुरुवचन गिरी, सीताराम, साधु, कार्तिक, रामाधिन निषाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### हनुमान मंदिर में भजन संध्या एवं चालीसा पाठ



**बिल्हा।** हनुमान कुटिया मंदिर बिल्हा में पूर्व पार्षद कमलेश सलूजा द्वारा 9 कुर्सियां लगवाई गईं। उनके इस आत्मीय सहयोग के लिए हनुमान चालीसा समिति की ने उन्हें साधुवाद दिया एवं संरक्षक डॉ आरसी अग्रवाल ने श्रीराम दरबार का दुपट्टा एवं श्रीफल देकर उनका स्वागत किया। हमेशा सहयोग के लिए तत्पर पार्षद मोहन डोरिया का स्वागत हरीश महाराज पत्रकार द्वारा किया गया। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात भजन संध्या वह हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम में पंडित कैलाश शर्मा, राजेश शर्मा, संजय अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, सुखी देवांगन, राजकुमार मानिकपुरी, श्रवण गुप्ता, राजेश नागलिया, शिवम नौबतका, दिलीप नौबतका, हृदय यादव, मोनिका शर्मा, सुरेंद्र अग्रवाल, यशवंत कुशवाहा, आदित्य सोनी,जलेश्वर कौशिक, बजरंग अग्रवाल, विवेक शर्मा, संदीप सलूजा आदि उपस्थित रहे।

### मारवाड़ी ब्राह्मण महिला मंडल का सावन तीज उत्सव



**बिल्हा।** मारवाड़ी ब्राह्मण महिला मंडल बिल्हा ने सावन तीज उत्सव का आयोजन किया, जिसमें समाज की सभी वर्ग की महिलाएं राजस्थानी पारंपरिक परिधान में सज-धज कर शामिल हुईं। इस अवसर पर समिति की ओर से झूले का आयोजन किया गया, जिसका भरपूर महिलाओं ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में सावन के गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने आयोजित खेलों का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका शर्मा ने किया। उक्त आयोजन में महिला मंडल की अध्यक्ष ममता शर्मा, उपाध्यक्ष पूनम शर्मा, सचिव सुनीता शर्मा, मंजू शर्मा, कोषाध्यक्ष आशा शर्मा सहित समाज की सभी महिलाओं का सराहनी योगदान रहा

### अग्रवाल महिला समिति ने किया पौधरोपण



**बोदरी।** अग्रवाल महिला समिति ने पर्यावरण संरक्षण हेतु गुप्ता फार्म हाउस में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। अग्रवाल महिला समिति ने आम, जामुन, हरसिंगार सहित 14 पौधे लगाए एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर महिला समिति की पूर्व अध्यक्ष सोनल बंसल, वर्तमान अध्यक्ष उमा केडिया, अंजू अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, चंदा गर्ग, कृति अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, अनुराधा गुप्ता, मधुलिका गुप्ता, प्रेमलता बंसल आदि उपस्थित रहे।

9 अगस्त को उत्साह के साथ मनाया जाएगा रक्षाबंधन का पर्व

# राखियों से सजी दुकानें, बाजार में बढ़ी चहल-पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



राखी पर लगी दुकानें।

भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष 9 अगस्त को पूरे उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। त्योहार के आगमन से पहले ही राज्य भर में विशेष चहल-पहल देखने को मिल रही है। शहरों में राखियों के बाजार सजने लगे हैं, जहां तरह-तरह की रंग-बिरंगी राखियां लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

जिले के प्रमुख चौक पड़ाव चौक, माता परमेश्वरी चौक, सदर बाजार, गोल बाजार और स्थानीय हाट-बाजारों में अस्थाई स्टॉल लग चुके हैं। इन स्टॉलों पर राखियों की भरमार है। यहां पारंपरिक सूती राखी से लेकर डिजाइनर, कच्चे धागे से बनी, मोती-जड़ी, कार्टून कैरेक्टर राखी, फोटो राखी, ब्रेसलेट स्टाइल राखी, इको-फ्रेंडली राखी और डिजिटल राखियों तक हर तरह की राखी उपलब्ध है। बाजार में विभिन्न मूल्य श्रेणियों में राखियों की बिक्री हो रही है, जिससे हर वर्ग के उपभोक्ता अपने सामर्थ्य अनुसार राखी खरीद सकते हैं। माता परमेश्वरी चौक में राखी बेच रहे व्यापारी गोलू देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार बाजार में राखी 5 रुपए दर्जन की दर से लेकर 300 रुपए तक बिक रही हैं। बच्चों के लिए कार्टून और स्पाइडी राखी की मांग ज्यादा है, वहीं महिलाएं डिजाइनर और ब्रेसलेट राखियों की ओर आकर्षित हो रही हैं। गोलू देवांगन के अनुसार, इस साल राखियों की वैरायटी पहले से ज्यादा है। चीन से आने वाली राखियों पर रोक और लोगों के स्वदेशी राखियों की ओर बढ़ते रुझान के चलते छत्तीसगढ़ और देश के अन्य हिस्सों में निर्मित राखियों को ज्यादा तरजीह दी जा रही है। स्थानीय महिलाओं द्वारा बनाई गई हस्तनिर्मित राखियां भी काफी पसंद की जा रही हैं।

रक्षाबंधन के इस पर्व में जहां भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने का संदेश है, वहीं यह त्योहार कई महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की राह भी बना है। स्थानीय स्वयं सहायता समूहों, महिला मंडलों और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं द्वारा बनाई गई राखियां बाजार में बिक रही हैं। इससे उन्हें आर्थिक रूप से सहयोग मिल रहा है और आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी। पिछले कुछ वर्षों में कोरोना महामारी के कारण रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक त्योहारों पर भी असर पड़ा था। लेकिन इस बार बाजारों में फिर से वही पुरानी रौनक लौट आई है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार ग्राहक समय से पहले ही राखियों की खरीदारी कर रहे हैं, जिससे उन्हें अच्छी बिक्री की उम्मीद है।

### जीपीएम जिले की बहनों ने सैनिक भाइयों के लिए भेजी राखी

**पेंड्रा।** भारत स्काउट एंड गाइड राज्य कार्यालय रायपुर के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार राज्य के समस्त स्कूलों में एक राखी सैनिकों के नाम मुहिम चला कर सैनिक भाइयों के लिए राखी एकत्र कर भेजने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ। इस संदर्भ में जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के द्वारा लगभग एक हजार राखियां बनाई गई।



विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति इकाई के द्वारा 90 राखियाँ एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पेंड्रा के छात्र अध्यापकों के द्वारा 30 राखियां तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराया गया जहां से समस्त राखियों को एकत्र कर रायपुर कार्यालय भेजा जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी व जिला मुख्य आयुक्त नीरज जैन के निर्देशन में जिले के भारत स्काउट एंड गाइड के प्रभारियों ने अपने अपने विद्यालयों में बच्चों से राखी बनाने हेतु प्रेरित किया।



कार्यक्रम में उपस्थित सोनार समाज के लोग।

## सोनार समाज की बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ सोनार समाज महासभा का प्रांतीय बैठक नगर में आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

अध्यक्ष मनहरण लाल सोनी के द्वारा संगठन के उद्देश्यों एवं किए गए विभिन्न प्रयासों को प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में चाम्पा से अमरनाथ सोनी, भिलाई से बोधीलाल सोनी, परमेश्वर सोनी, कन्हैयालाल सोनी चाम्पा तथा ध्रुव सोनी खैरागढ़ द्वारा सभा को संबोधित किया गया। जिसमें सोनार समाज के विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। मुख्य रूप सदस्यता अभियान, कार्यकारिणी का विस्तार, सामाजिक जनगणना, प्रांतीय सामाजिक भवन हेतु भूमि की मांग, स्वर्णकला बोर्ड की स्थापना जैसे विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। सभी जिलों से लगभग 70 पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जिसमें दिनेश सोनी कुंरा, जगदेव सोनी चांपा, विद्याशंकर सोनी शक्ति, गोपाल सोनी कवर्धा, सूर्यकांत पोद्दार, रामेश्वर सोनी बिलासपुर, कृष्णा सोनी लोरमी, सतीश सोनी, अनिल सोनी चाम्पा तथा मुंगेली से दिनेश सोनी, त्रिलोकी सोनी, बल्ला सोनी, श्रीकांत सोनी, सराफा व्यवसायी राजेश सोनी, विनय सोनी, प्रवीण सोनी, मानव सोनी, नीरज सोनी, शिक्षक राजेश सोनी, सुधीर सोनी, नीरज सोनी आदि कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन पश्चात भोजनोपरांत कार्यक्रम के स्थापना की घोषणा की गई।

## ग्रामीण भाजपा कार्यकारिणी में सीपत को बड़ी जिम्मेदारी

**सीपत।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन विस्तार की दिशा में बड़ा और रणनीतिक कदम उठाते हुए बिलासपुर जिले के ग्रामीण भाजपा संगठन की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है।



सोमवार देर रात जारी इस सूची में सीपत मंडल को विशेष महत्व देते हुए दो वरिष्ठ नेता राज्यवर्धन कौशिक और नागेश्वरी साहू को ग्रामीण भाजपा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अहम जिम्मेदारी के साथ सीपत ने एक बार फिर संगठन में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। पूर्व मंडल अध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक और भाजपा की समर्पित नेत्री नागेश्वरी साहू की नियुक्ति की खबर मिलते ही क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में हर्ष और गर्व का माहौल बन गया। दोनों नेताओं ने पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे संगठन के जताए गए विश्वास को पूर्ण निष्ठा और समर्पण से निभाएंगे। उनका लक्ष्य अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़ते हुए भाजपा की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाना रहेगा। मंगलवार को स्थानीय विश्रामगृह में कार्यकर्ताओ ने फूलमाला पहनाकर इनका जोरदार अभिनंदन किया। सीपत मंडल वर्षों से भाजपा का मजबूत गढ़ रहा है। यहां कार्यकर्ताओं की निष्ठा, संगठनात्मक सक्रियता और जनसमर्थन हमेशा उल्लेखनीय रहा है। यही वजह है कि पार्टी ने यहां से दो वरिष्ठ चेहरों को नेतृत्व में स्थान दिया है।



### संतान की तरह करें पौधों का पालन-पोषण

**लोरमी।** ग्राम बांधा की मितानिन दीदी गायत्री कश्यप एवं उनकी टीम ने सावन के पवित्र माह पर भगवान शिव के अति प्रिय बिल्व पौधे एवं बरगद के पौधे का रोपण कर उनका संरक्षण करने के संकल्प लिया। मितानिन दीदी का कहना है कि साल में एक या दो पौधे भले ही लगाएं, लेकिन उनका संरक्षण पेड़ बनते तक जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधे का रोपण करने के बाद उनका संरक्षण अपने संतान के रूप में करें। यदि यह पर्यावरण नहीं होता तो जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती थी।

## डिफेंस ताइक्वांडो क्लब के सितारों ने मेघालय में किया कमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

■ सीबीएसई चैंपियनशिप में झटके 4 मैडल, 2 नेशनल के लिए चयनित



स्टेशन पर किया गया खिलाड़ियों का स्वागत।

सीएसईबी ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 26 जुलाई तक मेघालय की राजधानी शिलांग स्थित बीडब्ल्यूडी इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में डिफेंस ताइक्वांडो क्लब मोपका बिलासपुर के 10 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले व राज्य का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए शिवांगी सिंह ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया, वहीं रिया भट्टाचार्य ने सिल्वर मेडल हासिल किया। निशा खांडे व प्रचिति ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर क्लब को गौरवान्वित किया। साथ ही भावेश प्रकाश शाह, मिस्टी नागेश, रोहन प्रकाश शाह और कुमुद पटेल ने भी अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित किया। क्लब के 2 खिलाड़ियों का चयन नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ, जो कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस प्रतियोगिता में संतोषी नागेश और सुधा पटेल ने कोच एवं मैनेजर के रूप में टीम का मार्गदर्शन किया। क्लब निदेशक सूर्या प्रकाश चंद्राकर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे बच्चों की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का ही नतीजा है कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरी है।

## सब जूनियर ग्रेपलिंग कुश्ती में पीयूष और सत्यम को कांस्य पदक



**बोदरी।** 5वीं राष्ट्रीय स्तरीय सब जूनियर ग्रेपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 26 जुलाई से 29 जुलाई तक बिलासपुर बहतराई इंडोर स्टेडियम में किया गया। इसमें बिलासपुर जिले के सेंट यूजीन इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल मुढ़ीपार के पीयूष यादव और सत्यम साहू ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

पीयूष यादव ने अंडर 13 के 34 किलोग्राम में क्वार्टर फाइनल में हरियाणा के खिलाड़ी आर्यन नरवाल को 9- 8 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला गुजरात के निकुल कुमार पटेल से हुआ। मुकाबला गुजरात के खिलाड़ी ने 15- 13 से अपने नाम किया, जिसके कारण छत्तीसगढ़ के पीयूष यादव को कांस्य से पदक से संतोष करना पड़ा। अंडर-13 के 32 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में छत्तीसगढ़ के सत्यम साहू ने आंध्रप्रदेश के पिन्नीती रंजीत कुमार को 16- 4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया एवं उनका मुकाबला हरियाणा के केशव सिंह के साथ हुआ। इस मुकाबले में हरियाणा के खिलाड़ी ने 16-7 से बाजी मार ली एवं सत्यम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन लिए स्कूल के प्राचार्य फादर मार्टिन, मैनेजर फादर ज्ञानम प्रकाशम, फादर सेबास्टियन, छत्तीसगढ़ ग्रेपलिंग कुश्ती संस्था के महासचिव हेमंत कुमार, सेंट यूजीन स्कूल के व्यायाम शिक्षक सूरज नायक ने हर्ष व्यक्त किया।

## प्रयोगशाला परिचालक चतुर्थ श्रेणी की परीक्षा 3 को

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल व्यापम रायपुर द्वारा प्रयोगशाला परिचालक चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा 3 अगस्त को प्रातः 11 से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अभ्यर्थियों को व्यापम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की समझाईश दी है।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलतापूर्ण आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व सभी परीक्षार्थियों की हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच के साथ ही हाथों से तलाशी ली जाएगी, जिसके लिए परीक्षार्थियों को कम से कम 02 घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना अनिवार्य होगा, ताकि प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की पूरी जांच समय पर हो सके। परीक्षा के दौरान हल्के रंग के आधी बांह के कपड़े और चप्पल पहनना अनिवार्य होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश वर्जित है। इसके साथ ही घड़ी, पर्स, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व कोई भी संचार का साधन, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि साथ लाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस, मतदाता पहचान पत्र सहित अन्य कोई भी फोटोयुक्त पहचान पत्र लेकर आना अनिवार्य है।

## शिक्षा समिति की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय



शिक्षा समिति की बैठक लेते जनप्रतिनिधि।

**तखतपुर।** जनपद पंचायत की शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें शिक्षा समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी की उपस्थित रहे। बैठक में युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की जानकारी दी गई एवं साथ ही पाठ्यपुस्तक वितरण की समीक्षा की गई।

बैठक बताया गया कि संकुलवार जानकारी प्राप्त नहीं हुई, जिसे तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया। मध्यान्ह भोजन को मीनू अनुसार गुणवत्ता पूर्ण बनाए जाने को कहा गया। विकासखण्ड के 11 संकुलों में समन्वयक नहीं होने के कारण वैकल्पिक रूप से कार्य लिया जा रहा है, इस संकुलों में पूर्णकालिक समन्वय बनाए जाने को कहा गया। शिक्षा के अधिकार के तहत आरटीई के प्रवेश प्राप्त बच्चों की जानकारी आगामी बैठक में प्रस्तुत करने को कहा गया। साथ ही निजी संस्थाओं की मान्यता एवं रजिस्ट्रेशन की जानकारी शीघ्र ही उपलब्ध कराने की बात कही गई। पूमा शाला लिम्हा के शिक्षक प्रवीण पाठक को तथा सहायक ग्रेड 2 तुल सिंह राजपूत को तहसील कार्यालय से मूल संस्था में भेजे जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्राथमिक शाला खम्हरिया का भवन डिस्मेंटल करने हेतू आरईएस को पत्र लिखे जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में बीईओ कामेश्वर बैरागी, श्याम सिंह ध्रुव, रंजना कौशिक, कविता यादव, दिलहरण कौशिक, परमेश्वर पटेल, सूर्यकांत जायसवाल, प्रीतिलता एक्का, विरेंद्र कश्यप, पेखन ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### जर्जर भवन में विद्यालय संचालित ना हो

हरिभूमि ने बीते दिवस के अंक में प्राथमिक शाला आदिवासी पारा गुनसरी के भवन की जर्जर स्थिति में होने के कारण निजी भवन में विद्यालय संचालित होने की खबर प्रकाशित की थी। इस पर स्थाई शिक्षा समिति की बैठक में अध्यक्ष राकेश तिवारी ने जर्जर भवन में शाला न लगाए जाने की बात कहा तथा जर्जर एवं मरम्मत योग्य शालाओं की जानकारी तत्काल मांगी, ताकि उस पर प्रस्ताव तैयार कर भेजा जा सके।

ग्राम बनवार में कुएं के मलबे में दब गए थे तीन लोग

# 27 घंटे के रेस्क्यू के बाद पति-पत्नी व पुत्र का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



चैन माउंटेन मशीन से रेस्क्यू करते हुए।



मृतक छेदूराम



मृतका कंचनबाई



मृतक गोविंद

वनांचल क्षेत्र के एक गांव में दो दिनों पूर्व कुएं के धंस जाने से पति-पत्नी और पुत्र मलबे में दब गए थे, जिन्हें निकालने के लिए प्रशासन और पुलिस की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चल रही थी। आखिरकार लगभग 27 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कुएं के तीनों के शव को बाहर निकाल लिया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने मौके पर ही पोस्टमार्टम की कार्यवाही की और तीनों सदस्यों का घर के समीप लगभग 100 मीटर दूर में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। एक ही परिवार के तीन लोगों की एक साथ मौत हो जाने से गांव में मातम पसरा हुआ है।

मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के जटगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनवार ग्राम पंचायत के ग्राम खोडरी की है। यहां निवासरत छेदूराम श्रीवास 65 वर्ष का परिवार निवास करता था। सोमवार की रात छेदूराम श्रीवास उसकी पत्नी कंचनबाई श्रीवास उम्र 53 वर्ष व उसका छोटा पुत्र गोविंद श्रीवास 30 वर्ष घर के पीछे स्थित नवनिर्मित कुआं धंस गया था, जिसकी जद में आने से कुएं के मलबे में परिवार के तीनों सदस्य मलबे में दब गए थे, जिसके बाद मंगलवार की सुबह 11 बजे से मलबे को निकालने का काम जेसीबी मशीन के माध्यम से किया जा रहा था। 24 घंटे के प्रयास के बाद भी जेसीबी मशीन से मलबे को बाहर नहीं फेंका जा सका। जिसके बाद एसडीआरएफ टीम की दिशा निर्देश पर बुधवार की सुबह बांगों थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरसिया से चेन माउंटेन मशीन मंगाई गई और फिर से चेन माउंटेन मशीन और तीन जेसीबी मशीन के माध्यम से मलबे को बाहर निकालने का काम तेजी से शुरू किया गया है, जिसके बाद दोपहर लगभग 1 बजे कुएं के मलबे में छेदूराम श्रीवास उसकी पत्नी कंचन बाई, पुत्र गोविंद श्रीवास का शव कुएं के मलबे से बाहर निकाल लिया गया, जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया और परिजनों ने ग्रामीणों की उपस्थिति में अपने घर के समीप स्थित घटना स्थल से महज 100 मीटर दूर तीनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।

## 50 दिव्यांग बच्चों को प्रदान किए गए उपकरण



**लोरमी।** समग्र शिक्षा विकास विभाग लोरमी की ओर से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए मेगा शिविर एवं उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांग बच्चों को शासन की ओर से दी जाने वाले योजनाओं के बारे में उपस्थित बच्चों व पालकों को बताया गया। शिविर में बच्चों को श्रवण यन्त्र, बुक मैग्नेफायर, ब्रेल किट, एमआर किट, थेरेपी किट, स्टिक, वॉकर, खेल सामग्री, कैलकुलेटर आदि का वितरण किया गया। जपं उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू ने शिक्षकों और पालकों को दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने की बात कही। शिविर में 50 बच्चों को सामग्रियों का वितरण किया गया। शिविर में मेडिकल किट पाकर बच्चे काफी खुश हुए। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले, विकास खण्ड समन्वयक डीसी डाहिरे, स्पेशल एजुकेटर अरुण बघेल, शिक्षक, शिक्षिका, पालक सहित दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खेत में काम करने गए महिला पुरूष को सांप ने डंसा

**बिलासपुर।** खेत में काम करने के दौरान एक महिला व पुरूष को सांप ने डंस लिया है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सिम्स से मिली जानकारी के अनुसार, मस्तूरी मल्हार क्षेत्र के ग्राम मटिया निवासी भगवती पति अंजोरदास पुरैना व बच्चू सोनी 50 साल बुधवार की सुबह 9 बजे अपने अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान जहरीले सांप ने दोनों को डंस लिया है। परिजन के द्वारा दोनों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### नाबालिग को भगाने वाले पर ईनाम की घोषणा

**बिलासपुर।** एसएसपी ने नाबालिग को भगाने वाले युवक की सूचना पर 3 हजार रुपए ईनाम की घोषणा की है। सिरगिट्टी थाना के क्षेत्र के एक नाबालिग को अज्ञात युवक के द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। परिजन की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ अपराध क्रमांक 252/ 25 धारा 137, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। नाबालिग व अज्ञात युवक को खोजने का अथक प्रयास किया गया है, किन्तु उनका पता नहीं चल पाया है। 30 जुलाई को एसएसपी रजनेश सिंह ने अपहत नाबालिग व अज्ञात युवक की सूचना पर 3000 रुपए ईनाम देने की घोषणा की है। सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा। फोन नम्बर 07752, 223330, 07752, 222191, मोबाइल नम्बर 94791, 93002, फोन नम्बर 07752, 228504, मोबाइल नम्बर, 94791, 93099 में सूचना दे सकते हैं।

### गांजा बेचने जा रहे युवक महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने बाइक से गांजा लेकर बेचने जा रहे युवक व एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। मोपका पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी भावेश सेंडे को सूचना मिली, एक युवक व महिला से बाइक में गांजा रखकर बेचने के लिए जा रहे हैं। वे प्रधान आरक्षक दीपक खाण्डेकर, मुरली भागर्व, रामकुमारी के साथ लगरा रोड में घेराबंदी कर बाइक क्रमांक सीजी 10 बीजी, 5339 में सवार मोपका भाठापारा निवासी संजय सिंह महानंद पिता राम सिंह महानंद 30 साल बिना कुर्रे पति दिलीप कुर्रे 40 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 1 किलो 494 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा बाइक जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### दुकान संचालक पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा देने से मना करने पर नशेड़ी युवक ने किराना दुकान संचालक से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, जबड़ापारा निवासी पवन उर्फ राजा मरकाम पिता रामरतन मरकाम मोहल्ले में किराना दुकान चलाते हैं। 29 जुलाई को रात 9.30 बजे वे दुकान बंद करने के बाद अपने घर के पास खड़े थे। इसी दौरान नशे में छोटू केंवट उनके पास आया और शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो नशेड़ी युवक उनके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। उन्होंने विरोध किया तो नशेड़ी चाकू निकालकर उन पर हमला कर फरार हो गया। चाकूबाजी की वारदात से मोहल्ले में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उनके सीने, हाथ की कलाई, कुल्हे में चोट आई है। पुलिस ने श्री मरकाम की रिपोर्ट पर हमलावर छोटू केंवट को गिरफ्तार लिया है।



# इंदिरा सेतु पर मिक्सर मशीन बिगड़ी जाम से परेशान होते रहे लोग

**बिलासपुर।** इंदिरा सेतु पुल पर बुधवार को एक मिक्सर मशीन खराब हो गई। जिस कारण नेहरू चौक से लेकर महामाया चौक तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई। जाम से लोग हलाकान होते रहे। ट्रैफिक जाम होने की खबर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद दो क्रेन मंगाकर मिक्सर मशीन को हटवाया गया और वाहनों की आवाजाही शुरू कराई, तब जाकर लोगों को राहत मिली।

- ट्रैफिक पुलिस ने क्रेन मंगाकर हटवाया मिक्सर मशीन

घटना बुधवार दोपहर करीब 12.30 बजे की है। नेहरु चौक से महामाया चौक तरफ ड्राइवर मिक्सर मशीन को लेकर जा रहा था। मिक्सर मशीन खराब हो गई। जिस पर ड्राइवर गाड़ी को वहीं छोड़ दिया। जिसके बाद व्यस्ततम मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। देखते ही देखते नेहरु चौक से महामाया चौक और सीपत चौक तक वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। इस दौरान करीब एक घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे। घटना की जानकारी मिलते ही ट्रैफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और देखा कि पुल पर खड़ी मिक्सर मशीन के कारण जाम लग रहा है। पुलिसकर्मियों ने पहले रूट डायवर्ट कराया। जिसके बाद जाम में फंसी वाहनों को निकाला गया। ध्यान रहे कि इंदिरा सेतु पुल से लेकर महामाया चौक और नेहरु चौक के पास आए दिन जाम लगता है। जिस कारण लोग परेशान होते हैं। दोपहर में जाम के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई और उन्हें घूमकर दूसरे रास्ते का उपयोग करना पड़ा।

बोदरी: दाधापारा से बिल्हा के बीच रेलवे करेगा चौथी लाइन का विस्तार

# 45 खसरा नंबरों की जमीन खरीदी बिक्री पर प्रशासन ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल्वे द्वारा दाधापारा से बिल्हा के बीच चौथी लाईन का विस्तार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दाधापारा से बिल्हा के बीच रेल लाइन के 50 मीटर बगल से भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के दौरान भू-माफियाओं की अनाधिकृत एंट्री रोकने रेल्वे ने शासन से चिन्हांकित खसरा नंबरों की जमीन की खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित करने की मांग की है। इसके अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर द्वारा बोदरी की 38 एवं बिल्हा तहसील की 7 खसरा नंबर की जमीनों की खरीदी-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

- लाइन के 50 मीटर बगल से होगा जमीनों का अधिग्रहण

दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे द्वारा दाधापारा से बिल्हा के बीच 9.20 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का विस्तार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत भूमि अर्जन प्रक्रिया के अधीन भूमि के बेहतर प्रशासन के लिए भूमि के अंतरण, बटांकन, व्यपवर्तन तथा भूमि के क्रय-विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। अर्जन के अधीन भूमि का बटांकन, छोटे टुकड़ों में अंतरण एवं प्रयोजन में परिवर्तन के कारण भूमि अर्जन की लागत में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इस प्रक्रिया में मूल भूमिस्वामी को समुचित लाभ होने के बजाए भूमि की खरीद-बिक्री में संलिप्त बिचौलियों और भू-माफियाओं द्वारा लाभ अर्जित किया गया है।

### तिफरा के चार खसरा नंबरों की जमीन की खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित

रेल्वे द्वारा ट्रैक्शन अपग्रेडेशन के कारण तिफरा रेल लाइन के आसपास स्थित सिरगिट्टी तहसील की चार खसरा नंबरों की जमीनों की खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित की गई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे द्वारा ट्रैक्शन अपग्रेडेशन का कार्य प्रस्तावित होने के कारण भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। अधिग्रहण के दौरान भू-माफियाओं एवं बिचौलियों का हस्तक्षेप रोकने के उद्देश्य से रेल्वे द्वारा क्षेत्र की चार खसरा नंबरों की जमीन की खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित करने की मांग की गई थी। इन खसरा नंबरों में सिरगिट्टी तहसील के अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 40 की रेल्वे लाईन के पास कोरियापारा तिफरा के खसरा नंबर 1494, 1495, 1496 एवं 1497 नंबर की भूमि शामिल है।

### इन नंबरों की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध

बोदरी के महल नंबर 5 अंतर्गत 460/1, 460/2, 460/3, 461/1, 461/2, 462, 473/1, 473/2, 473/3, 473/4, 474/1, 474/2, 474/3, 474/4, 474/6, 474/5, 475, 476, 477/1, 477/2, 478/1, 478/2 एवं खसरा नंबर 478/3 शामिल है। इसी तरह बोदरी तहसील के ही महल नंबर 6 अंतर्गत खसरा नंबर 478/4, 234, 237/1, 237/2, 237/3, 237/4, 237/5, 237/6, 237/7, 238/1, 238/2, 239, शामिल 240/9, 240/10, 240/2, 240/1, 240/3, 240/4, 240/5, 240/6, 240/7, 240/8, 240/11, 262/1, 262/2, 262/3, 262/4, 262/5 शामिल हैं। इसी तरह महल नंबर 6 में ही अनुसूचित जनजाति श्रेणी की 262/6, 262/8, 262/7, 262/9, 298, 421, 422/1, 422/2, 422/3, 423/1, 423/2, 423/3 एवं खसरा नंबर 423/4 शामिल हैं। इसी तरह बिल्हा तहसील में खसरा नंबर 275, 276/2, 277 शामिल 278, 279/6, 279/8, 279/9, 281/3 खसरा नंबर की भूमि शामिल है।

## 127 किसानों ने नहीं लिया मुआवजा, रजिस्ट्री रुकी

शासन द्वारा विभिन्न परियोजनाओं की पूर्ति के लिए जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, उनमें से 127 किसानों ने आज तक उक्त भूमि का मुआवजा ही प्राप्त नहीं किया है। मुआवजा प्राप्ति के अभाव में किसानों की भूमि की उक्त परियोजना के नाम पर रिजस्ट्री ही नहीं हो सकी है। इस मामले में कलेक्टर ने संबंधित विभागों को समर्पित भाव से काम करने वाले एक सब इंजीनियर की नियुक्ति कर मुआवजा प्रकरणों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

पीडब्ल्यूडी, सिंचाई एवं नेशनल हाईवे द्वारा संचालित परियोजनाओं के लिए जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की जानी है उनमें 127 किसानों ने आज दिनांक तक अपना मुआवजा प्राप्त ही नहीं किया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एसडीओ राजस्व सह भू-अर्जन अधिकारी एवं पीडब्ल्यूडी, जलसंसाधन, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित निर्माण विभागों के जिला अधिकारियों को एक महीने के भीतर उक्त प्रकरणों को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### मुआवजा वितरण पर देरी से नाराजगी

रतनपुर केंवची राष्ट्रीय राजमार्ग के मुआवजा वितरण में विलंब किये जाने पर कलेक्टर ने खासी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मुआवजे का जल्द से जल्द वितरण किया जाना चाहिए। उन्होंने भू-अर्जन मामलों के त्वरित निराकरण के लिए एसडीएम एवं संबंधित कार्यालय प्रमुख अधिकारियों की हर सप्ताह संयुक्त बैठक आयोजित करने को कहा है।

### समर्पित भाव से काम करने वाले इंजीनियर नियुक्त

भू-अर्जन में विलंब होने से संबंधित भू-स्वामी के साथ सरकार को भी नुकसान होता है। परियोजना की लागत मूल्य बढ़ जाने के साथ ही समय पर लोगों को इन योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पाता है। समर्पित भाव से काम करने वाले सब इंजीनियर नियुक्त करते हुए एक महीने के भीतर प्रकरणों का निपटारा करने के निर्देश दिए गए हैं।

**-संजय अग्रवाल,**
कलेक्टर

अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम की कार्रवाई जारी

# अवैध प्लाटिंग पर दूसरे दिन भी चला बुलडोज़र



अतिक्रमण तोड़ते नगर निगम का जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में चल रहे अवैध प्लाटिंग के खिलाफ़ नगर निगम ने दूसरे दिन बुधवार को फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाट में बनाए गए सड़क,नाली और बाऊण्ड्रीवाल को तोड़ दिया है। यह कार्रवाई निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर की गई है।

- बहतराई,मोपका और खमतराई में की गई कार्रवाई

नगर निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत अवैध कालोनी निर्माण और प्लाटिंग का कार्य मोपका, बहतराई, खमतराई में किया जा रहा था। जिस पर आज निगम ने अपना बुलडोजर चलाया। मोपका में खसरा नंबर 1/1 शुभम ताम्रकार, खसरा नंबर 5/4 भवानी लाल बरेठ,

खसरा नंबर 33/2 सत्यनारायण जायसवाल,खसरा नंबर 465/1 दिनेश कृपाल सिंह,खसरा नंबर 472/1 शांति प्रकाश तिर्की द्वारा अवैध प्लाटिंग कर जमीन को टुकड़ों में बेची जा रही थी। इसके



अलावा खमतराई में खसरा नंबर 257/1,297/1, बहतराई में खसरा नंबर 347, बहतराई के कमल विहार में खसरा नंबर 644, 645 की भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी,जिस पर कार्रवाई करते हुए निगम ने सड़क,बाउंड्रीवाल और नाली को ध्वस्त कर दिया है। इसके अलावा बहतराई के कमल विहार में नागेंद्र पुरी गोस्वामी,अविनाश पुरी गोस्वामी के निर्माणाधीन अवैध मकान को भी तोड़ा गया है। आज की कार्रवाई में अतिक्रमण,भवन शाखा,जोन क्रमांक 7 एवं पुलिस तथा राजस्व विभाग की टीम शामिल रही।

# 5 ट्रैक्टर ट्राली व अवैध भण्डारण से 700 घनमीटर रेत जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेत का अवैध परिवहन करने के मामले में खनिज विभाग द्वारा दो ट्रैक्टर जब्त किया गया है। इसी तरह नगोई क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा करीब 7 सौ घन मीटर रेत डंप करके रखा गया था, जिसे जब्त करते हुए खनिज नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

- खनिज विभाग की कार्रवाई

रेत माफियाओं के खिलाफ पिछले पंद्रह दिनों से रुकी कार्रवाई खनिज विभाग द्वारा एक बार फिर से प्रारंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत खनिज अमले द्वारा रतनपुर, जोगीपुर, कोटा, बेलगहना, सोनपुरी, नगोई, खोगसरा, आमागोहन क्षेत्र का



रेत का अवैध भंडारण।



जब्त किए गए ट्रैक्टर।

निरीक्षण किया गया था। इसके अंतर्गत जोगीपुर क्षेत्र से रेत का अवैध रूप से खनन कर परिवहन करते पाये गए 02 ट्रेक्टर वाहनों को जब्त कर पुलिस थाना रतनपुर की अभिरक्षा मे रखा गया है।

इसी तरह आमागोहन क्षेत्र से रेत का अवैध रूप से उत्खनन कर परिवहन करते पाये गए 03 ट्रेक्टर वाहनों को जप्त कर पुलिस चौकी बेलगहना की अभिरक्षा मे रखा गया है। उपसंचालक खनिज किशोर कुमार गोलघाटे ने बताया कि नगोई क्षेत्र मे अज्ञात व्यक्ति द्वारा बेचने के इरादे से रेत डंप करके रखा गया था, जिसकी मात्रा लगभग 700 घनमीटर है। उक्त अवैध रूप से भण्डारण करके रखी गई रेत को खनिज नियमों के तहत जप्त कर निरंजन पैंकरा, सदस्य, जिला पंचायत की सुपुर्दगी मे दिया गया है।

### युवकों ने कार सवार छात्र को पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार में बाइक सवार तीन युवक एक कार को क्रास करते हुए अनियंत्रित होकर गिर गए। उसके बाद युवकों ने कार सवार छात्र के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, बीएससी की पढ़ाई करने वाला छात्र सूरज सिंह पिता कृष्णा सिंह 26 जुलाई को शाम 6.30 बजे सेंट जोसेफ स्कूल के पास से अपने गौरव भैया से उनकी कार क्रमांक सीजी 10 एव्ही, 8533 को लेकर सीएमडी चौक होते हुए तिफरा जा रहे थे। शाम 7.10 बजे तक्षशिला एकेडमी के सामने उनकी कार को तेज गति से क्रास करते हुए तीन युवक निकले, आगे जाकर अनियंत्रित होकर गिर गए। उसके बाद तीन युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए कार का दरवाजा खोलकर सूरज सिंह को बाहर निकालकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से जमकर पिटाई कर दी और कार का बैक लाइट क्षतिग्रस्त कर दिया।

## नाबालिग बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग बालिकाओं से छेड़छाड़ करने वाले फरार शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सकरी पुलिस ने बताया कि 24 अप्रैल को थाना सकरी क्षेत्रांतर्गत संचालित एक शासकीय विद्यालय के प्रधान पाठक द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसमें विद्यालय की कुछ छात्राओं द्वारा स्कूल के एक शिक्षक के विरुद्ध छेड़छाड़ एवं अनुचित यौन व्यवहार किए जाने संबंधी गंभीर शिकायत प्रस्तुत



- पुलिस ने फरार आरोपी शिक्षक को घेराबंदी कर पकड़ा

की गई थी। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए त्वरित जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों एवं बालिकाओं के कथनों के आधार पर आरोपी शिक्षक राम मूरत कौशिक 55 वर्ष वर्तमान पता सागरदीप कॉलोनी उसलापुर निवासी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आज आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# सैनिक के सूने मकान में 5 लाख की चोरी, 10 दिन बाद भी जुर्म दर्ज नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सैनिक के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर 4 लाख रुपए के जेवर चोरी कर लिया। आलम यह है कि संदिग्ध का नाम बताने के बाद भी रतनपुर पुलिस ने 10 दिन बीत जाने के बाद भी मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की है। सैनिक छुट्टी लेकर चोरों को पकड़वाने रतनपुर थाने का चक्कर लगा रहा है।

- शिकायत लेकर किया गया चलता

रतनपुर मोहदा पोंड़ी निवासी इंद्रेश कुमार पिता देवचरण निर्मलकर ने बताया कि वे आर्मी में हैं और उनकी जबलपुर में पोस्टिंग है। 21 जुलाई की सुबह 8.30 बजे उनके माता पिता मकान के दरवाजे में ताला लगाकर खेत चले गए थे। दोपहर 12 बजे घर लौटे तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे आलमारी खुली हुई थी। लाकर में रखे उनके पुराने जेवर व बेटे की शादी में मिले जेवर सहित 5 लाख सामान चोरी हो गई थी। उनके पिता चोरी की रिपोर्ट लिखाने गए तो पुलिस ने उनसे लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया। आलम यह है कि 10 दिन बीत जाने के बाद भी मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

### जांच में टीआई गए थे उनके घर

सैनिक इंद्रेश कुमार ने बताया, उनके पिता चोरी की रिपोर्ट लिखाने थाने गए तो टीआई स्वयं स्टाप के साथ उनके घर जांच करने गए थे। घर का मुआयना करने के बाद लौट गए। वे चोरी की सूचना मिलने पर छुट्टी लेकर गांव आए हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने थाने में जाकर एक संदेही का नाम बताया, उसके बाद भी पुलिस ने उक्त संदेही से पूछताछ नहीं की है। वहीं उन्होंने अपने मुख्यालय भेजने के लिए एफआईआर की कापी मांगी तो उन्हें शिकायत की कापी थमा दिया गया है।

### दोबारा थाना नहीं आए

चोरी की सूचना मिलने पर उनके घर का मुआयना करने गया था। पीड़ित पक्ष दोबारा रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं आए, जिससे मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई है।

**-नरेश चौहान**
रतनपुर टीआई

## खबर संक्षेप

### ब्लाक कालोनी स्थित नवविर्नित मंदिर में शिवलिंग की स्थापना



**तखतपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 ब्लाक कालोनी में शिव जी की स्थापना की गई। नगर पालिका कार्यालय के पास नवविर्नित शिव मंदिर में तीसरे सावन सोमवार को शिवलिंग की स्थापना की गई। सुबह-पूजा अर्चना के बाद यज्ञ किया गया एवं दोपहर में भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, ज्योति देवांगन, विनोद देवांगन, पप्पू देवांगन, सरला देवांगन, सरिता पाण्डेय, अनुपमा पाण्डेय, टेकचंद कारड़ा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### केशरवानी महिला सभा ने मनाया हरियाली तीज उत्सव



**पेंड्रा।** केशरवानी महिला सभा के द्वारा भारत माता पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरोज रतन गुप्ता उपस्थित हुईं। कार्यक्रम में कई प्रकार के खेलोंका आयोजन किया गया एवं पौध रोपण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से पेंड्रा महिला सभा का अध्यक्ष रानी केशरी ,उपाध्यक्ष पूजा केशरी, रंजना केशरी एवं सुनंदा केशरी, सरिता केशरी, प्रभा गुप्ता, पूजा गुप्ता, अर्चना गुप्ता, रश्मि केशरी सहित बड़ी संख्या में महिला सभा की सदस्य शामिल हुईं।

### सदर बाजार में दुकानदारों को किया गया डस्टबिन का वितरण



**मुंगेली।** सदर बाजार में स्वच्छ भारत मिशन की पीआईयू स्वच्छता प्रभारी तिवारी के साथ सुरेश देवांगन, जनप्रतिनिधि स्वतंत्र मिश्रा एवं नगर पालिका के टीम के साथ वार्ड में डस्टबिन डिब्बा वितरण किया गया। इस अवसर पर सदर बाजार के दुकानदारों को डिब्बा वितरण कर सभी व्यापारियों से दुकान में ही डिब्बा रखकर कचरा डस्टबीन डिब्बा में ही रखने का निवेदन किया गया। जिसे नगर पालिका की कचरा गाड़ी में ही कचरा डालने की बात कही गई।

### भटगांव स्कूल में सरपंच ने किया बच्चों को गणवेश का वितरण



**मुंगेली।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भटगांव में बच्चों को गणवेश वितरण किया गया। गणवेश वितरण का कार्यक्रम सरपंच चोवाराम ओगरे की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर सरपंच चोवाराम ने कहा कि शासन ने शासकीय स्कूलों के बच्चों का 14 वर्ष बाद गणवेश बदला है, यह नया गणवेश बहुत ही अच्छा है। सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें। कक्षावार सभी बच्चों को गणवेश प्रदान किया गया, जिसमें कक्षा 6वी सातवीं एवं कक्षा आठवीं के बच्चो को गणवेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं स्कूली छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी के लिए की बैठक



**पेंड्रा।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा बिलासपुर में आयोजित संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर कोटमी सामुदायिक भवन में भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप जयसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशीष गुप्ता के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक में जातिगत जनगणना से पिछड़ा वर्ग को होने वाले लाभ,,वन नेशन वन इलेक्शन, संकल्प से सिद्धि तक सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण, एक पेड़ मां के नाम विषय पर चर्चा की गई। बिलासपुर में होने वाले सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई। उक्त बैठक में महामंत्री दुर्गेश यादव, शिव गुप्ता, सीताराम केवट, अशोक साहू, रमेश पाटकर, मंडल अध्यक्ष वीरू विश्वकर्मा, कैलाश वर्मा, प्रमोद राय, गर्वदीप साहू, यशवंत सिंह आमों, सुशील चंद्र साहू, अभिषेक जयसवाल, अमित तिवारी शामिल रहे।

### मुंगेली जिले में बुधवार को 74.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज

**मुंगेली।** जिले में 74.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंगेली तहसील में 3.5 मिली मीटर, पथरिया तहसील में 3.2 मिली मीटर, लोरमी तहसील में 44.5 मिली मीटर, लालपुर थाना तहसील में 21.3 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

### जिले के प्रभारी सचिव एस भारतीदासन ने ली अफसरों की बैठक

# नक्शा-बटांकन अभियान में तेजी लाकर सुधारें जिले की रैंकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- समीक्षा बैठक में विभागवार प्रगति की ली विस्तृत जानकारी

कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव एस भारतीदासन ने विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तेज, पारदर्शी और जनहितकारी प्रशासन के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में विभागवार प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। सचिव भारतीदासन ने राजस्व विभाग अंतर्गत नक्शा-बटांकन अभियान में तेजी लाकर जिले की रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम आवास अंतर्गत जिले का राज्य में दूसरा रैंक हासिल होने, किसान पंजीयन में जिले को चौथा स्थान, अभिलेख शुद्धता, भुइयां पोर्टल और ई-कोर्ट मामलों में प्रदर्शन आदि योजनाओं में बेहतर प्रगति पर सराहना की। उन्होंने राजस्व सहित विभिन्न प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण एवं बेहतर प्रगति लाने निर्देशित किया। प्रभारी सचिव ने पीएम जनमन अंतर्गत निर्मित आवासों में प्रगति लाने, लोगों को शौचालयों का वास्तविक उपयोग के प्रति जागरूक करने, मनरेगा अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को रोजगार दिलाने सहित पंचायत विभाग के महत्वाकांक्षी योजनाओं में आवश्यक प्रगति लाने निर्देशित किया। पुलिस विभाग की समीक्षा की करते हुए सचिव ने वर्कशॉप के माध्यम से तीन नए कानून का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत उचित कार्रवाई करने, यातायात नियमों और सुरक्षा नियमों का पालन करने लोगों को जागरूक करने कहा। शिक्षा विभाग के अंतर्गत कम दर्ज संख्या वाले पीएमश्री स्कूलों में संख्या बढ़ाने, समय पर छात्रवृत्ति, पाठ्यक्रम की पूर्णता, समय पर टेस्ट, पैरेंट्स टीचर मीटिंग आदि माध्यमों से शिक्षा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल और कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण करने निर्देशित किया।



बैठक में शामिल जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी।

#### 61 हजार से अधिक आवास पूर्ण

जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने बताया कि जिले में 61 हजार से अधिक आवासों को पूर्ण कर लिया गया है, शेष प्रगतिरत आवासों को पूर्ण करने कार्य योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। पानी की समय के समाधान के लिए मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत डिफंक्ट बोरवेल और सैंड फिल्टर का निर्माण किया गया है, जल जीवन मिशन अंतर्गत रिचार्ज पिट का भी निर्माण किया जा रहा है। बैठक में एटीआर के उप संचालक गणेश यूआर, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर जीएल यादव एवं मेनका प्रधान, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, पथरिया एसडीएम अजय शतरंज सहित अधिकारी जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े हुए थे।



### सावन उत्सव में शामिल हुईं मीना साव सिपाहियों को 6 हजार राखियां भेजी गई

**लोरमी।** नगर की महिलाओं द्वारा सावन उत्सव एवं ऑपरेशन सिपाही रक्षासूत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव की धर्मपत्नी मीना साव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभागी महिलाओं को उपहार प्रदान कर पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर सावन सुन्दरी का खिताब रेखा ठाकुर, शकुंतला, बबीता को मिला। सावन महोत्सव में थाली सजाओ में जमुना, सती साहू ,रूखमणी एवं गीत में काजल, रूखमणी, विद्या साहू को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र कार्यक्रम में पूर्व सैनिक महेंद्र प्रताप राणा, रामनिवास सिंह, अयोध्या राजपूत को क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से एकत्रित 6 हजार राखी बॉर्डर में सैनिकों को पहनाने प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह,पूर्व नप अध्यक्ष अंजना देवी दास, दीपीका सलुजा, प्रेमा अग्रवाल,धनेश्वरी खत्री, अनुराधा शर्मा, स्मृती पाठक, तृप्ति पन्त्री पाठक , अनु शर्मा,चादनी सलुजा, पुणीमा पार्षद संगीता ध्रुव पार्षद, आरती धुव पार्षद, पुष्पा यादव पार्षद, साती सलुजा, ममता सलुजा,नेहा गुप्ता, अनिता साहु,रेखा ठाकूर, पुणीमा अहिरवार, सावित्री राजपूल, सीतला जायसवाल,सरोज गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत सभापति समुंद सिन्द्रम, अनिता साहू, रत्ना काठले, जनपद सदस्य, सरस्वती राजपूत, रेखा साहू,बबीता बंजारा, पूर्णिमा साहू, तुमेश्वरी बघेल, रानी मार्के चम्पा साहू सती जायसवाल, सफूरा भार्गव, कंतनी चन्द्राकर एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

### अच्छी बारिश से खेती का काम जोरों पर, किसानों के चेहरों पर मुस्कान



**मल्हार।** खरीफ सीजन में इन दिनों राज्य के विभिन्न जिलों में खेती किसानी ने के कार्यों ने जोर पकड़ लिया है। रोपा और बियासी का काम तेजी से जारी है।

सेवा सहकारी समिति मल्हार के अध्यक्ष रंजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि ऐसे में शासन द्वारा समय पर खाद बीज की उपलब्धता से किसानों का उत्साह दोगुना हो गया है। नेवारी के किसान रघुवर सिंह ने कहा न तो लंबी कतार लगानी पड़ रही है और न ही मंहगे दामों पर बाजारों से बीज या खाद खरीदना पड़ रहा है। सहकारी समिति में खाद लेने आए किसान रामसेनही सिंह, राधिका कुर्मी ने इस बार अच्छी फसल को लेकर आश्वस्त हैं। समय पर खाद बीज की उपलब्धता से उन्हें बड़ी मदद मिली है। इसके संस्था प्रबंधक मल्हार तेजबहादुर सिंह ने कहा सेवा सहकारी समिती मल्हार पर खाद-बीज रियायती दर पर होने के साथ ही गुणवत्ता में भी बेहतर है उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस बार बेहतर पैदावार होगा। उन्होंने बताया कि किसान जोर-शोर से खेती किसानी में जुट गए हैं। किसानों के द्वारा समिति से खाद बीज लेने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होने की बात कही है। समिति द्वारा सारी जानकारी मिल जाती है और वे समिति आकर खाद बीज ले लेते हैं। किसानों ने बताया कि उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि, कृषक उन्नति योजना का भी लाभ मिल रहा है।

### दिव्यांग बच्चों के लिए मेगा इवेंट, छात्र छात्राओं को दिए गए विभिन्न उपकरण



**गौरेला।** शिक्षा विभाग की ओर से गौरेला के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय प्रांगण में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए जिला स्तरीय मेगा इवेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सर्वप्रथम समाज कल्याण विभाग के सहायक संचालक सुरेश कुमार भारती ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को खासकर दिव्यांग बच्चों के लिए शासन की ओर से संचालित योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र वैद्य ने दिव्यांग बच्चों को शासन की विभिन्न योजनाओं को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। इसी कड़ी में जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह ने दिव्यांग बच्चों के पालकों को शासन की ओर से प्रदान की जा रही सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा ने आकलन शिविर में उपस्थित बच्चों तथा उनके अभिभावकों को जानकारी देते हुए कहा कि शासन की बहुत सारी योजनाएं संचालित हैं, जिनका लाभ आप सब को लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंतिम में जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया एवं शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया गया। इस मौके पर दिव्यांग बच्चों को विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। एवं विद्यालय प्रांगण में समस्त अतिथियों ने पौधरोपण किया गया।

### मना विश्व हेपेटाइटिस दिवस, की गई आदिवासी परिवारों की जांच



**मुंगेली।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस का आयोजन 28 जुलाई सोमवार को किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन एवं उपस्थिति में सीईओ जिला पंचायत प्रभाकर पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ शिव पाल सिंह सिदार के मागदर्शन एवं उपस्थिति में जिले के अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र के वनांचल ग्राम बिजराकछार में हेपेटाईटिस जांच उपचार एवं अन्य बीमारियों की जांच एवं उपचार हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 74 आदिवासी बैगा जनजाति लोगों का हेपेटाइटिस बी एवं सी सहित अन्य चिकित्सकीय जांच जैसे बीपी, शुगर, टीबी एवं एचआईवी की जांच की गई। कलेक्टर ने हेपेटाइटिस से बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि स्वच्छ एवं उबला हुआ पानी पिएं, भोजन करने से पूर्व व शौच के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोएं तथा खुले में शौच ना जायएं। सीएमएचओ डॉ शीला साहा ने बताया कि हेपेटाइटिस के प्रमुख लक्षण बुखार व थकान, भूख कम लगना, उल्टी, त्वचा में खुजली, गहरे रंग का पेशाब, शरीर में दर्द होना है।

### स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसायटी ने तहसील कार्यालय में रोपे पौधे

**मुंगेली।** पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के उद्देश्य से स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसायटी की ओर से विगत 9 वर्षों से सतत रूप से संचालित हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली अभियान के तृतीय चरण का आयोजन तहसील कार्यालय मुंगेली में किया गया। इस अवसर पर पीपल, नीम, कदम, बादाम सहित कुल 26 पौधों का रोपण किया गया तथा उनकी सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड भी लगाए गए। तहसील कार्यालय में मुख्य रूप से उपस्थित एसडीएम पार्वती पटेल ने संस्था की पहल की सराहना की। तहसीलदार कुणाल पांडेय ने कहा कि संस्था वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य कर रही है, यह अनुकरणीय है। संस्था के सचिव एवं तृतीय चरण के अभियान प्रभारी विनोद यादव ने बताया कि हम निरंतर नगर के विभिन्न स्थानों में पौधरोपण करते आ रहे हैं। अभियान सह प्रभारी गोखलेश सिंह व वरिष्ठ सदस्य रणवीर सिंह ने उपस्थित जनसमूह को पौधों के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर एसडीएम पार्वती पटेल, तहसीलदार कुणाल पांडेय, अतिरिक्त तसिलदार चंद्रकांत राही, पटवारी आशीष ठाकुर, आशीष भोई, रमाकांत टंडन स्टार्स ऑफ टुमॉरो के संयोजक रामपाल सिंह, सह संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार, सतपाल मक्कड़, दिनेश गोयल, गोखलेश सिंह, देवशंकर श्रीवास्तव, आशीष सोनी, दीपक जैन, श्रेणिक पारख, अनुराग सिंह, सूरज मंगलानी, रणवीर सिंह, मुकेश पांडेय आदि मौजूद थे।



### फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र से नौकरी पाने वालों की जांच

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ एवं अन्य स्त्रोतों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के माध्यम से शासकीय सेवा में कार्यरत 27 अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध जांच की प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर कुन्दन कुमार की ओर से इस मामले पर पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता से जांच की कार्रवाई की जा रही है और इस दिशा में विधिसंगत प्रयास किए जा रहे हैं। प्रभावी एवं निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए दिव्यांग सेवा संघ से भी बैठक एवं चर्चाएं की जा रही हैं। अपर कलेक्टर जीएल यादव ने बताया कि सभी 27 अधिकारी-कर्मचारियों को संभागीयधाज्य मेडिकल बोर्ड से पुनः चिकित्सकीय परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए थे। अब तक 4 ने जांच प्रक्रिया पूरी कर ली है।

## सरपंच का फर्जी हस्ताक्षर कर शराब दुकान खोलने की साजिश

**जरहागांव।** ग्राम पंचायत अमोरा के आश्रित ग्राम नवागांव में अंग्रेजी शराब दुकान खोलने हेतु सरपंच का फर्जी हस्ताक्षर कर ग्राम पंचायत का प्रस्ताव बनाकर शराब दुकान खोलने की फिराक में बैठे लोगों के खिलाफ में गांव की महिला समूह ने मोर्चा खोल दिया है। सरपंच याकूब की अगुआई में समूह की महिलाओं ने गांव में शराब खोलने पर कलेक्टर के पास आपत्ति जताई है।

गांव में न शराब बेचने की अनुमति है, न सार्वजनिक रूप से पीने की। यदि कोई व्यक्ति शराब पीकर कुछ गड़बड़ करता है, या शराब के नशे में गाली-गलौज करता है, तो उसे सर्वसम्मति से दंडित किया जाता है। गांव की महिलाओं के एकजुटता और मेहनत से गांव पूर्णतः नशा मुक्त बन चुका है, लेकिन गांव में सुखनंदन पटेल एवं भरत जायसवाल के द्वारा शराब दुकान खोलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांव में शांति का माहौल है।बेटियां शांति से स्कूल आना-जाना करती हैं, यदि उक्त स्थान पर शराब दुकान खोल दिया जाएगा तो गांव का माहौल बिगड़ जाएगा।



जन हित को ध्यान में रखते हुए गांव में शराब दुकान नहीं खोलने की मांग की गई है। इस अवसर पर गांव की महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

#### प्रस्ताव पास नहीं

अमोरा पंचायत के आश्रित गांव नवागांव कापा में मदिरा दुकान खोलने का प्रयास किया जा रहा है। ग्राम पंचायत से शराब दुकान खोलने हेतु प्रस्ताव पास नहीं किया गया है, लेकिन फर्जी प्रस्ताव के पेपर का खुलासा हुआ है। इस तरह से फर्जी हस्ताक्षर कर शराब दुकान खोलना गलत है, जिसको लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है।

– **याकूब कुमार** सरपंच ग्राम पंचायत अमोरा

### खेत में नुकसान होने पर मवेशी मालिक को भरना होगा जुर्माना

# मवेशियों से फसल बचाने को लेकर किसानों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

मवेशियों द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाने की समस्या से निपटने के लिए किसानों ने टिकरीपारा के ठाकुरदेव में बैठक आयोजित की। बैठक में मवेशियों से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए उपायों को लेकर फैसला किया गया।

अपने मवेशियों को बांधकर रखना और फसल की सुरक्षा के लिए सहयोग बनाना शामिल है। किसानों ने यह भी फैसला किया कि यदि किसी के खेत में किसी और का मवेशी नुकसान पहुंचाता है, तो उसे जुर्माना भरना होगा। इसके अलावा, उन्होंने पशुओं की रखने की व्यवस्था, चारा-पानी की व्यवस्था पर गंभीर चर्चा की। इस बैठक में किसानों ने निर्णय किया कि मवेशियों को बांधकर रखा जाएगा। यदि किसी के खेत में मवेशी नुकसान पहुंचाते हैं, तो मालिक को जुर्माना भरना होगा। यह बैठक मल्हार क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो मवेशियों द्वारा फसल को होने वाले नुकसान से परेशान थे। इस बैठक में लिए गए निर्णयों से किसानों को अपनी फसल को बचाने और अपनी आजीविका की रक्षा करने में मदद मिलेगी। बैठक में किसानों के हित को ध्यान में रखते हए खुले में घूम रहे मवेशियों को एकत्र कर रखने अस्थाई तौर पर मंदिर के पास अटल परिसर के पीछे शेड जल्द ही बनाया जाएगा, जिसके लिए बांस व अन्य जरूरी सामानों की व्यवस्था कर ली गई है। जिसमे सभी किसान मिलकर बाड़े का निर्माण करेंगे। बैठक मे मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनीष सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त, पार्षद मिथुन यादव, रंजन साहू, सुजीत राजभानु, विष्णु कैवर्त, दिलीप पांडेय, रवि कैवर्त, धरमु वर्मा, बड़े साहू, अवध प्रजापति सहित मल्हार के सभी किसान शामिल रहे।



बैठक में शामिल नगर के किसान व मवेशी मालिक।

#### शासन के सख्त निर्देश

कोई आसरा नहीं होने के कारण मवेशी मुख्य मार्गो पर बैठ जाते हैं, जिससे वे दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। इसी समस्या को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 को प्रभावशील कर दिया गया है। इसके तहत कोई भी मालिक अपने पशुओं को खुले में नहीं छोड़ सकेगा। उन्हें अपने सभी पशुओं को बांधकर रखना होगा। अधिनियम का उल्लंघन करने पर उन्हें कठोर सजा या जुर्माना से दण्डित किया जाएगा। साथ ही पशु क्रूरता अधिनियम के तहत भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### मुंगेली जिले के 27 बीआरजी ने लिया पांच दिवसीय प्रशिक्षण



**मुंगेली।** जिले के 27 शिक्षकों ने डाइट पेंड्रा में कक्षा 6वीं के नवीन पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिया।

इस प्रशिक्षण में जिले के तीनों ब्लॉक के 27 बीआरजी ने गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। पेंड्रा डाइट में सम्पन्न हुए इस प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा के अनुरूप नवीन पुस्तकों का प्रशिक्षण हुआ। इसमें नवीन पुस्तकों के विषय वस्तु को किस तरह से रोचक एवं सरल तरीके से स्कूली बच्चों को पढ़ाया जा सकता है, इस पर डाइट के प्रशिक्षण प्रभारी एवं डीआरजी के द्वारा बहुत ही प्रभावी तरीके से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर सभी शिक्षक प्रशिक्षर्थियों को डाइट पेंड्रा के प्राचार्य जेपी पुष्प एवं प्रशिक्षण प्रभारी की उपस्थिति में प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर डाइड प्राचार्य जेपी पुष्प, ममता चक्रवर्ती, प्रशिक्षण प्रभारी बनमाली वासुदेव, केपी राव, विकास वर्मा आदि उपस्थित रहे।